86
Dec

मानव मन्दिर



FORM I

(See Rule 8)

Place of Publication	Hoshiarpur
Date of Publication	10th of every month
Periodicity of Publication	Monthly
Printer's Name	Dr. Paras Ram Aggarwal
Nationality	Indian
Address	Manavta Mandir. Hoshiarpur
Editor's Name	Dr. Paras Ram Aggarwal
Nationality	Indian
Address	Manavta Mandir, Sutehri Road, Hoshiarpur.
Name and address of individuals, who own the Manav Mandir of partners of shareholders, holding more than one Percent of the total capital	- Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur.

I, Dr. Paras Ram Aggarwal hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Dated :

Signature of Publisher

Printed and Published by: Dr. Paras Ram at Shiv Dev Rao Press. Manavta Mandir Hoshirapur, for the Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur.

मानवता मन्दिर में अगला मासिक सत्संग
21-12-86 को होगा।



Param Sant Param Dayal Faqir Chand ji Maharaj

मासिक—

मानव मन्दिर

विश्व में मानव मात्र के सामाजिक सांस्कृतिक
और आध्यात्मिक कल्याण और विकास की
सेवा में संलग्न मासिक पत्र

सम्पादक :
डा० परस राम अग्रवाल

वर्ष 13	बुधवार 10 दिसम्बर 1986	संख्या 8

खातिरदारी करे। तो जब कोई तुम्हारे घर में आये तो तुम भी उसके साथ अच्छा व्यवहार करो और उसकी अच्छी तरह से खातिरदारी करो यह अतिथि ऋण है। अगर मकान में वृक्ष लगाते हो और पशु रखते हो तो उनकी खुराक का पूरा प्रबन्ध करो यह वृक्ष और पशु ऋण हैं। तुम चाहते हो कि तुम्हारा पड़ोसी प्रेम से रहे, अपना मकान साफ-सुथरा रखे और उसमें कोई शोर-शराबा न हो तो फिर तुम्हारा भी यह कर्त्तव्य है कि तुम भी उसी तरह उसका ध्यान रखो यह पड़ोसी का ऋण है।

अगर तुम किसी से सहायता के इच्छुक हो तो तुमको भी दूसरों की सहायता करनी चाहिए। सभी मनुष्य आपसी सम्बन्धों से एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं इसलिए जिस व्यवहार की तुम दूसरों से इच्छा करते हो तुम भी उनके साथ वैसा ही व्यवहार करो :—

'अन्त भले का भला अन्त बुरे का बुरा।'

जो आदमी यह कहता है कि मैं दूसरों के साथ नेकी करता हूँ और वे मेरे साथ बदी करते हैं वास्तव में वह हद दर्ज़े का नादान है क्योंकि प्रकृति में कहीं भी ऐसी बात नहीं है कि आदमी नेकी करे और उसका फल बदी मिले। इज़्ज़त दो इज़्ज़त मिलेगी। धन दो धन मिलेगा जो दोगे वह मिलेगा। जो अपने सम्मान की संभाल आप नहीं करते उन्होंने तो पहले ही अपना सम्मान खो दिया है। अगर उनका निरादर होता है तो इसमें दूसरों का क्या कसूर। जब तुम संसार में आये हो तो लेने और देने के नियम को समझ कर अपने आप में लेने और देने की आदत डालो। वैसे भी दान देना अच्छा है। जिस घर से दान नहीं दिया जाता वह घर आज नहीं तो कल बर्बाद हो जायेगा :—

देह धरे का गुण यही, देह देह कुछ देह।
कहे कबीरा देह तू, जब लग तेरी देह ।।
देह खेह हो जायेगी; फिर कौन कहेगा देह।
निश्चै कर उपकार ही, जीवन का फल एह ।।
धन दिये धन ना घटे, नदी न घटियो नीर।
अपनी आँखों देख लो, यूं कस कहे कबीर ।।
पानी बाढ़ा कुएँ में; घर में बाढ़ा दाम ।
दोनों हाथ उलीचिये, यही स्यानो काम ।।

बादशाह और फकीर दोनों की हैसियत दान के मामले में बराबर है। दोनों ही देते हैं और लेते हैं। अगर फकीर ग़लती में पड़कर कंजूसी अख्त्यार करे तो उसके बारे यह समझना चाहिए कि वह जीते-जी अपने आपको नरक का भागी बना रहा है। अमीरी और फकीरी में अन्तर होता है। अमीरी की शान इकट्ठा करने में है और फकीरी की शान त्याग करने में :—

'साधु होय संग्रह करे, ताके मन्द हैं भाग'।

दान महासाधन है। धनदान, तनदान और मनदान ये तीनों ही योग के साधन हैं। अपने आपको अपने इष्ट के नाम पर बलिदान कर दो परन्तु बिना समझे-बूझे कोई काम न करो। जिसने अपने आपको दे दिया उसने अपनी मुसीबत भी सदा के लिए अपने सिर से टाल दी, उसके दुःखों का अन्त हो गया और मज़ेदार बात यह है कि दुःखों का भार रखता हुआ भी वह सदा सुखी रहता है। परमसन्त कबीर साहिब की वाणी है :—

शिष्य को ऐसा चाहिए गुरु को सर्बस देय।
गुरु को ऐसा चाहिए शिष्य का कछु न लेय ।।

इस दोहे के अन्दर भी देने-लेने का भाव छिपा हुआ है।

———

सत्संग परमदयाल

फ़कीर चन्द जी महाराज

पूर्ण धनी कौन ?

राज़ कुदरत को समझने के लिए आया था मैं।
कह रहा हूँ वह जो समझ चुका हूँ मैं ॥
मज़हब पन्थ, योग, विद्या के चक्कर में आ गया।
जो समझ में मेरे आया वह जगत् को कह चला ॥

आज एक दुःखी जीव का एक रजिस्ट्री पत्र आया। मेरे नाम के पहले परम पुरुष पूर्णधनी लिखा हुआ था। पढ़ा। आँखें बन्द हो गईं। दो घण्टे पश्चात् उठा हूँ।

दाता दयाल के एक लेख का स्मरण हुआ कि आगरे में शाहजहाँ के समय में कोई मौलवी थे, विद्यार्थियों को दूर की सूझी। उन्होंने उनको शहंशाह कहकर आदर सत्कार करना प्रारम्भ किया। यहाँ तक हुआ कि वह दीवाने होकर अपने आपको शहंशाह ही समझने लगे। शासन ने उनको पकड़कर कारागार में डाल दिया। पूरा स्मरण नहीं रहा।

किन्तु राधास्वामी मत में स्वामी जी महाराज को परम पुरुष पूर्णधनी कहा जाता है, कबीर मत में कबीर साहिब को भी ऐसे अलंकृत करते हैं। क्या ऐसे अलंकारों का कोई अधिकारी हो सकता है ?

यूँ तो प्राचीन काल में, प्रजा अपनी रीति के अनुसार एक राजा के पश्चात् दूसरे को गद्दी पर बैठा कर उसको पुर्वानुसार अलंकारों से सुशोभित करती थी, इसी प्रकार एक गुरु के पश्चात् दूसरे को गद्दी पर बैठाकर उसको वही पदवी दी जाती रही। किन्तु प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि जिनको इन शब्दों से भूषित किया जाता है वह ऐसे होते भी हैं या नहीं ? मेरा उत्तर है कि नहीं। केवल दूसरों की दृष्टि से यह पदवी, मान, प्रतिष्ठा के रूप में दी जाती है, जिस प्रकार कि प्राणी आप ही पत्थर की मूर्ति बनाकर उसको विष्णु अथवा शिव समझ कर नमस्कार करते हैं ; किन्तु परम पुरुष पूर्णधनी अवस्था है अवश्य। यह नहीं कि कोई परम पुरुष पूर्णधनी है नहीं। वह है। अब आप प्रश्न करेंगे कि वह कौन है ?

वह वही है जिसने पूर्णता का इष्ट अपने अन्दर बनाया है या एक सच्चा जिज्ञासु जो इस पूर्णता का इच्छुक है, वह पूर्ण पुरुष पूर्णधनी है। यदि वह न होता तो उसके अन्दर उस पूर्णता की इच्छा ही उत्पन्न न होती।

प्राणी के भाव-विचार में पूर्णता का संकल्प बैठ जाना ही समय पर उसको पूर्ण बना देगा। अवश्य बना देगा अवश्य बना देगा। इसलिए वास्तविक और सच्चा सेवक ही स्वामी है। प्रत्येक प्राणी पूर्णता का इष्ट स्थापित करके स्वयं पूर्ण हो जाता है। है तो प्रत्येक ही व्यक्ति पूर्ण, किन्तु साधन अनिवार्य है और वह साधन केवल पूर्णता के इष्ट से प्रेम करते रहना है। एक राजा अथवा राष्ट्रपति अपनी कुर्सी पर बैठकर राजा और राष्ट्रपति कहलाता है और वैसे ही कार्य करता है। इसी प्रकार एक अपूर्ण प्राणी अपने अन्दर अपने आप में पूर्णता का ध्यान बाँधकर या वहाँ बैठकर पूर्ण हो सकता है।

ऐ संसार के दुःखी प्राणियो ! मैं तुमको विश्वास दिलाता

हूँ कि वह पूर्णपुरुष, पूर्णधनी तुम आप हो। यह दुःख, क्लेश और आपत्ति इसी कारण आती हैं कि तुम पूर्णता की ओर आओ, अपने आप में पूर्णता का इष्ट बनाकर ठहरो और तुम स्वयं पूर्ण होकर अपने जीवन को शानदार और सुखी बनाकर व्यतीत कर सकोगे।

यही रहस्य बताने के लिए राधास्वामी दयाल सन्त कबीर, गुरु नानक, दाता दयाल, साँवलेशाह, वैष्णवों के ऋषि व अन्य महान पुरुष प्रकट होते रहे हैं।

सत्संग से रहस्य को समझो। भेद लो। अज्ञान, भ्रम, संशय, सन्देह दूर करो। सतगुरु इष्ट है पूर्णता का। जितना उससे अन्दर में प्रेम करोगे उतना ही लाभ होगा।

उस दुःखी प्राणी को उत्तर दे दिया कि तेरा दुःख अवश्य दूर होगा। विश्वास और निश्चय रख। उस परम पुरुष पूर्णधनी को अपने अन्दर समझ।

ढूंढ़ उसको अपने अन्तर वह तो तेरे पास है।
वह न हुशियारपुर में न वह रहता व्यास है॥
न आगरे है न उसका डेरा न धरन न आकाश है।
दाता कह गये वह हर प्राणी की अपनी सच्ची आस है।
सत्संग किसी कामिल का करके राज़ को लो तुम समझ।
वह यक़ीन करा देगा तुमको कि सब कुछ तुम्हारे पास है॥
अज्ञानियों और वहमियों के लिए हूँ प्रगट हुआ।
कहता हू अनुभव अपना यह अनुभव ही सुख राशि है॥
मन की चंचलताई से मित्रो! बात समझ आती नहीं।
इसको थिर करने के लिये सुमिरन, भजन अभ्यास है॥

द्वन्द्वावस्था से बचने का उपाय

जो जैसा बनने आया कुदरत में वैसा काम करता है।
तमव्वुज हस्ती हर एक वजूद को हरकत में रखता है ।।
उसी के जेर असर यह दीवाना भी काम करता है।
अनुभव जिन्दगी को वह कागज पर लिखता रहता है ।।

आज ट्रिब्यून पत्र को देख रहा था, वर्तमान रूस के विलैसटिक बम के टेस्ट व अन्य देशो वृतान्तों को पढ़ा। जन साधारण को बेचैनी, दौड़धूप और भविष्य में भय उत्पन्न करने वाली घटनाओं का दृश्य सामने आया जो कि पत्र में था :—

कोई वशर ऐसा नहीं जो संग दोष से बच सके।
अरु खारजी असरात असर करने से न रह सके ।।

इसलिए यह विचार उत्पन्न हुआ कि संसार क्या है ? संसार एक विचित्र खेल है। प्रकृति ने आश्चर्यजनक खेल खेला है :—

कोई दुःखी, कोई सुखी, कोई हँसता कोई रोवता।
कोई बासेहत, कोई रोगी, कोई आनन्द है लेवता ।।

इस द्वन्द्व जगत् के परे भी क्या कोई अवस्था है कि वह मानव जीवन इस त्रिगुणात्मक जगत् से ऊँचा होकर इस सुख, दुःख आदि से मुक्त हो सके। शास्त्रों व सन्तों ने बहुत सी बातें कही हैं :—

किसी ने भक्ति, किसी ने योग, किसी ने ध्यान, योग बतलाया
किसी ने सुरत शब्द, किसी ने ज्ञान बतलाया ।।
हमने यह कर करके सारे देखे कहूँ जो अजमाया।
आरजी यह हालतें हैं आरजी तसकीन है सबको पाया ।।
तोता को जब बिल्ली ने पकड़ा भूल गया राम नाम को।
आखिर को टैं टैं ही करता रहा जब तक प्राण न गँवाया ।।

किन्तु जब तक जीवन है प्राणी अपनी प्रकृति से विवश है कि वह दौड़धूप करे। इस दौड़धूप की जड़ में यदि कोई वस्तु कार्य करती है तो वह है वासना, इच्छा, आशा। उसका सम्बन्ध संकल्प से है। यह सत्य है कि संकल्प से परे भी कोई अवस्था है वह है प्रकाश का मण्डल। औरों के विषय में नहीं कह सकता हूँ किन्तु अपना अनुभव वर्णन करता हूँ कि अत्यन्त अभ्यासी होते हुए भी चौबीस घण्टे मेरे लिए इस अवस्था अर्थात् शब्द और प्रकाश के मण्डल में रहना कठिन है। हाँ! वहाँ रहने का प्रभाव अवश्य इस शरीर और मनके जगत् में आनन्ददायक रहता है, किन्तु जब बाह्य प्रभाव पड़ते हैं तो वृत्ति सोचने और समझने के लिए विवश हो जाती है।

इस पत्रिका के लेखों ने विवश किया कि सोचूं कि क्या कोई उपाय इस वर्तमान युग की भयंकर परिस्थितियों से बचने का है अथवा नहीं। मेरे विचार में पहला उपाय यह है :—

मौज का ले आसरा वही इस खौफ से बचा सकता है।
मगर मौज का आसरा लेना भी नहीं कोई सस्ता है॥
काफी हो सत्संग नर को और मौज वालों से प्यार हो।
तब शायद ही कोई मौज के आधार पर रह सकता है॥

इस मौज पर केवल सच्चे साधु, महात्मा अथवा सन्त आदि ही रह सकते हैं।

यद्यपि यह मौज का विचार ठीक है किन्तु है केवल निबल, अबल और अज्ञानी जीवों को साहस अथवा शान्ति देने के लिए।

जिसमें शारीरिक और मानसिक बल है, संकल्प शक्ति है अथवा उपाय और विधि की शक्ति रखते हैं वह मौज आधीन रहने के नियम के अनुकूल नहीं चल सकते हैं, जब

तक कि वह निबल, अबल और बेबस न हो जायें। यह मौज आधीन रहना मानव जीवन की अन्तिम बेबसी की दशा को संतोष दिलाता है।

मानव जीवन प्रारम्भ में निबल, अबल और अज्ञानी होता है और अपना बल और समझ जो जीवन की दौड़-धूप में प्राप्त होते हैं वह समय के पश्चात् बदल जाते हैं। पहले भी वह जीवन न था और फिर भी वह जीवन न रहेगा। जो वस्तु अजर, अमर, अविनाशी है वह निज अवस्था है। वह शब्द और प्रकाश है उससे भी परे एक आधार मात्र है जिसके सम्बन्ध में मन, बुद्धि और विचार वर्णन नहीं कर सकते अर्थात् मूक हैं।

ऋषियों ने और मेरे अनुभव ने सिद्ध किया है कि चूंकि शब्द और प्रकाश इस रचना का उत्पादक है इसलिए यदि हम किसी वासना को लेकर अपने अन्दर प्रकाश और शब्द में लय हों तो वह इस प्रकाश और शब्द के परमाणुओं में परिवर्तन उत्पन्न कर सकता है और फिर उसका प्रभाव इस लोक में परिवर्तन ला सकता है। जिस प्रकार विशेष प्रकार का तत्त्व यदि वायु में सम्मिलित कर दिया जावे तो उस वायु का प्रभाव प्रतिकूल होगा।

सम्भवतः इसी अनुभव के आधार पर ऋषियों ने यज्ञ आदि की प्रथा प्रचलित की हो मगर उस वास्तविकता से अनभिज्ञ होने के कारण वाह्य यज्ञ जो ब्राह्मण करते हैं उसको इस रूप में प्राणियों ने समझा हो। यज्ञ में हवनकुंड में ज्वाला को प्रज्वलित करके आहुतियाँ दी जाती हैं।

ऐसे यज्ञ का कोई न कोई आशय होता है। इन यज्ञों में वेद मन्त्र स्वर अलाप करके आहुतियाँ दी जाती हैं। अन्तरीय यज्ञ में प्राणी की सम्पूर्ण वृत्तियाँ एकाग्र होकर शब्द सुनती हुई अपने अन्दर प्रकाश में अपनी वासना को अन्दर

रखती हुई लय होती रहती हैं। इस निज अनुभव के आधार पर मेरे विचार में शान्ति का उपाय यही हो सकता है कि ब्राह्मण, साधु; सन्त और महात्मा अपने अन्दर संसार की शान्ति के लिए ऐसा अन्तरीय यज्ञ करते रहा करें। यह दूसरा उपाय है। इससे लाभ होना निश्चय है। तीसरा उपाय मेरी समझ में यह आया है कि देश के नेतागण अपनी बुद्धि को निर्मल करके अपने आपको निष्पक्ष बनाते हुए समझ-बूझ से कार्य लें और व्यर्थ का झगड़ा न मोल लें। स्पष्ट शब्दों में पंचशील के नियम को अपनायें। चौथा उपाय :—देश में मनुष्यता के नियमों का स्पष्ट रूप से प्रचार हो। धर्म, सम्प्रदाय अथवा हानिकारक राजनीति (Power Politics) को त्याग कर देश की उन्नति, भोजन, वस्त्र आदि के विचार को लिए हुए द्वितीय पंचवर्षीय योजना आदि को सफल बनाने का प्रयत्न करें। यदि हम यह मान लें कि जो कुछ होना है सो होना है जो किसी सीमा तक ठीक भी है तो यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि जिन महान् पुरुषों ने यह पुकार की है कि 'होइहै वही जो राम रचि राखा' या 'कर्म गति टारें नाहिं टरै', दुःख-सुख कर्मभोग है मगर उन्होंने ही वर्णन किया है 'ब्रह्मवाक्यं जनार्दनम्'। सन्त ईश्वर, परमेश्वर के कर्त्ता होते हैं अर्थात् "सन्त बचन कोई न टारे, ईश्वर, परमेश्वर सब हारे।" मेरा जीवन इसी उधेड़-बुन में व्यतीत हुआ कि यह विपरीत बातें क्यों? इसलिए शेष जीवन के कुछ दिन इसी लगन में व्यतीत करने की चेष्टा है कि प्राणीमात्र को शान्ति मिले। "Peace to Humanity" और चाहता हूँ कि मुझे कोई आकर न मिले। 'मनुष्य बनो' कोई मेरी निजी पत्रिका नहीं है। न कोई मैंने अपने ग्रन्थ और लेखों से धन प्राप्त किया है। दाता दयाल ने आज्ञा दी थी कि शिक्षा में शरीर त्यागने

से पूर्व परिवर्तन कर जाना। जो अनुभव किया जिस बात को सच्चा माना वह कह दिया। यदि हो सका तो 'मनुष्य बनो' के लिए लेख भेजता रहूँगा अन्यथा मौज।

सन्तों का मार्ग

सन्तों का मार्ग जीवों के कल्याण के लिए होता है। बहुधा डाक्टर औषधि देता है किन्तु औषधि का नाम नहीं बतलाता। यह रीति प्राचीन काल से चली आ रही है। अब बुद्धि का युग है। बाल की खाल निकाली जाती है। बिना विश्वास हुए कोई किसी की परवाह नहीं करता, अज्ञान से विश्वास मैं कराना नहीं चाहता। मैं इसको महान् अपराध समझता हूँ। इसलिए सन्तों और पूर्णपुरुषों को प्रत्येक प्रकार से स्पष्ट शब्दों में वर्णन करने के लिए विवशता है। ऐ संसार के प्राणियो! तुम्हारा कल्याण तुम्हारी रहनी या क्रियात्मक साधन की शक्ति से होना है। जैसे जब तक हीलिंग (आरोग्य करने वाली) शक्ति रोगी में नहीं होगी उस समय तक कोई औषधि लाभप्रद नहीं हो सकती। वह रहनी और साधन तुम्हारा क्रियात्मक जीवन है। क्रियात्मक जीवन से तात्पर्य तुम्हारी अपनी मानसिक और आत्मिक शक्ति का निश्चय अथवा विश्वास या आस है और इस निश्चय, विश्वास और आस का बँधाना अथवा स्थापित करना और तुमको उस पर ठहराना यह मेरा कार्य है अथवा पूर्णपुरुषों का कार्य है बशर्तेकि तुम मेरी या उनकी वाणी को समझ सको।

मेरी वर्णनशैली, जिससे आप सच्चाई के अभ्यासी हो

सक, प्राचीनकाल के महापुरुषों से भिन्न हैं। उनकी वाणी में आप सज्जनों को अथवा जनसाधारण को विश्वास, आस या अपनी आत्मिक अवस्था या उससे भी आगे ठहराने के लिए रोचक और भयानक बातें सम्मिलित थीं। मेरी वाणी में प्रत्येक वस्तु के सम्बन्ध में नितान्त स्पष्टता है। यह शब्द मैं अहंकार से नहीं कह रहा हूँ वरन् निज अनुभव के आधार पर कह रहा हूँ। इसलिए अपने मन, वचन और कर्म पर अधिकार रखो। इनमें बह मत जाओ। मन, वचन और कर्म में बहने से तात्पर्य बहिर्मुखता से है। बहिर्मुखता से तात्पर्य द्वैतपद से है। अपने मन्तव्य को पूर्णतया हृदयांकित कराने के लिए एक-दो नवीन उदाहरण आपके सम्मुख रखता हूँ। प्रथम उदाहरण :—जिस दिन मैं देहली से लौटकर आया मेरे साथ पूज्य नन्दूभाई, श्री गिरधर सिंह हैदरावाद वाले और श्री गोपालदास जी थे। मेरे मना करने के उपरान्त भी हजूर नन्दूभाई ने आग्रह किया कि वह मेरी धर्मपत्नी के, जिसको हजूर दाता दयाल ने सन् 1921 में जगत्माई का संस्कार दिया था, दर्शन करने के अभिलाषी हैं। उसी समय एक व्यक्ति सिलीगुड़ी बंगाल से उसी गाड़ी से मेरे निवास स्थान पर आया। उसने कुछ घटनाएँ वर्णन कीं। एक घटना यह थी कि वहाँ पानो की बाढ़ आ गई थी, परन्तु उस बाढ़ के आने से आठ दिन पूर्व उस व्यक्ति को मेरे रूप ने जिस पर वह विश्वास रखता था उसको बताया कि यहाँ से निकल जाओ पानी आवेगा। उसने दूसरों से कहा किन्तु सबने उसको पागल समझा। वह निकल गया। उसके चले जाने के पश्चात् एक भयंकर बाढ़ आई। अब मैं फकीरचन्द इससे नितान्त अनभिज्ञ हूँ। क्या इससे यह सिद्ध नहीं होता कि मालिक या सतगुरु या और अन्य शक्ति प्रत्येक मनुष्य के अन्दर है। जितनी जिसके मन की शुद्धताई है उतना उसको

अनुभव होता है। यही बात सन्त और ऋषि कह गये कि ऐ मानव ! तुझमें सब कुछ है। केवल अपने मन को शुद्ध, पवित्र और निर्मल बना ले। इसके लिए साधन और अभ्यास है।

द्वितीय उदाहरण सुनो :—सम्पूर्ण धर्म और पन्थ अज्ञान से फैले हैं या यों समझ लो कि ये सबके सब माया और काल के अन्तर्गत हैं। झूठा प्रोपेगण्डा कराकर क्षेत्र तो बढ़ गये किन्तु जीव मन और वचन की उलझन से न निकल सके।

मैं गत वर्ष देहली गया था। वहाँ एक स्त्री को मेरे सामने लाया गया। उसने मुझसे नामदान की प्रार्थना की मैंने कहा "माई मैं गुरु अथवा नाम दाता नहीं हूँ। मेरा वचन जो मैं कहता हूँ वह गुरु है। यदि मेरे वचन के संकेत को कोई ग्रहण कर ले और अभ्यास करे तो वह सांसारिक, मानसिक और आत्मिक रूप से सुखी हो सकता है और वचन को समझने से इस आवागमन के चक्कर से दूर हो सकता है। उसने कहा कि आज 15 दिन हुए वह किसी गुरुद्वारे में कीर्तन सुन रही थी। उस समय उसकी समाधि लग गई अर्थात् शारीरिक बोधभान को भूल गई। अन्दर में क्या देखती है कि एक महात्मा मेरे रूप का अर्थात् फकीरचन्द के रूप का प्रकट हुआ और उसने उसको कहा कि मेरी शरण आ जा। आज आपको सत्संग कराते हुए उसी रूप में देखा; इसलिए मैं आपकी शरण में आई हूँ।

सुनो संसार वालो ! मैं आप्त पुरुष हूँ। संसार में मौज ने समय की आवश्यकता के अनुसार मुझे प्रकट किया है। मैं शपथपूर्वक वर्णन करता हूँ कि मैं नितान्त इस घटना से अनभिज्ञ हूँ। जब मैंने अनभिज्ञता प्रकट की तो कई मित्रों ने प्रश्न किया कि फिर यह रहस्य क्या है ? मैंने उत्तर दिया कि मेरा अनुभव है कि कोई ऐसा पुरुष अथवा स्त्री है जिसकी

यह प्रबल इच्छा है कि यह स्त्री मेरे केन्द्र में आ जाये। उसके विचार ब्रह्माण्ड में विद्यमान थे। जब यह स्त्री शरीर के बोधभान से ऊपर गई तो वह विचार जो उस पुरुष अथवा स्त्री के थे मेरे रूप में उसके अन्दर मेरा रूप धारण करके प्रकट हुए। इस नियम के अनुसार यदि कोई अपना डेरा बनाना चाहे या कोई और कार्य करना चाहे और अपनी प्रबल इच्छा या विचार को फैलाये तो समान अवस्था के मस्तिष्क उसके अन्तर्गत आ जाते हैं। इस नियम का नाम है इच्छाशक्ति अथवा फिलासफी ऑफ् थौट्स्। मैंने इसीलिए यह इच्छा की है कि प्राणीमात्र को शांति मिले। मैं यह इच्छा नहीं करता कि प्राणी मेरे क्षेत्र में आयें। किसी धार्मिक अथवा पांथिक जगत् का मैं उत्पादक नहीं हूँ। मैं उत्पादक हूँ मनुष्यता का। इसीलिए मैं निर्भय होकर कह दिया करता हूँ कि यदि किसी प्राणी को जो मेरे साथ प्रेम-प्रीति रखता है सुख, शान्ति प्रफुल्लता, अचिन्तपना, निश्चयात्मक बुद्धि नहीं मिलती है तो मैं अपराधी हूँ वह नहीं है।

इसलिए मैंने इस दशहरे के सत्संग पर पज्य नन्दूभाई, हजूर कृपाल सिंह व हजूर हरचरण सिंह को निमन्त्रण दिया था और मैं चाहता हूँ कि वह मेरे इन विचारों को और उन विचारों को जो जगत् कल्याण के नाम से समय पर प्रकाशित होंगे पढ़ें और यथार्थ रूप से संसार का कल्याण करें कि प्राणीमात्र को शान्ति मिले। 'नानक तेरे भाने सरबत का भला।' साथ ही सत्संगी अपना-अपना और अपने परिवार का भला चाहें। यदि मैं त्रुटि पर हूँ तो मेरा खण्डन करें।

तृतीय उदाहरण:—इस दशहरे के सत्संग पर मुझे स्मरण होता है कि मैंने एक सत्य उदाहरण दिया था। वह यह था कि एक सज्जन सन्त सिंह नामक हजूर दाता दयाल के शिष्य हैं। दाता के वाह्य चोला के अलोप होने पर उन्होंने

मुझे अपने अभ्यास आदि के सम्बन्ध में लिखा। मैंने उनको उचित संकेत देकर प्रातः 5 और 7 बजे के मध्य में साधन करने के लिए कहा क्योंकि मैं स्वयं उन दिनों उस समय साधन किया करता था। यह रेडियो का नियम है। साधक तो वह पहले ही से थे किन्तु छः मास के अन्तर्गत उन्होंने अधिक उन्नति की और यहाँ तक कि अन्तिम पद पर जाकर उनके अन्दर मलयगिरि अथवा चन्दन आदि की सुगन्ध आने लगी और सिर ठण्डा होने लगा। चूंकि मेरे साथ यह घटना हो चुकी थी मैंने उनको तार दिया कि अभ्यास बन्द करो और मुझे मिलो। वह फरीदकोट आये, देखा; प्रसन्न हुआ, किन्तु मैंने कहा मित्र! यह साधन अन्तिम लक्ष्य नहीं है। अभी काल और कर्म का ऋण सर पर है सांसारिक कार्य करो, ब्रह्मचर्य का पालन करो; परन्तु वह अपनी आन्तरिक उन्नति का सेहरा मेरे सर पर थोपते थे। मैंने कहा प्रियवर! जिस प्रकार के विचार, संस्कार तुमको वाणी आदि अथवा दाता दयाल की शिक्षा से तुम्हारे अन्दर अंकित हुए थे वही साधन द्वारा तुम्हारे अन्दर प्रकट हुए। वह मानते नहीं थे।

फरीदकोट के निकट एक ग्राम है उसमें एक अपराध करने वाली जाति रहती थी। उनमें से दो-तीन प्राणी सत्संगी थे। वह मुझको एक इतवार को अपने ग्राम में ऊँट पर सवार करके ले गये। वहाँ एक साठ वर्ष का उनकी जाति का बृद्ध पुरुष था। उसने मुझे बताया कि एक कबीर-पन्थी साधु ने उसको जाप के लिए एक मन्त्र बताया जिसका साधन उसने लगातार किया।

यहाँ तक उसकी अवस्था हो गई कि वह रजाई लेकर पन्द्रह दिन तक एक वृक्ष के नीचे पड़ा रहा और सुमिरन उस मन्त्र का करता रहा। रजाई के बीच में से वृक्ष और निकट का वस्तुओं को जब आँख खोलता प्रकाश रूप में पाता

था। प्रकाश अन्दर मैं अत्यन्त अधिक था। सोलह दिन जब हुए तो उसने क्या देखा कि वह एक अन्धेरे में से निकल कर एक हरे रंग के असीम समुद्र में पहुँच गया है। हरे रंग के अतिरिक्त और किसी प्रकार का प्रकाश दृष्टिगोचर नहीं होता था। वह इस दृश्य से घबरा गया और फिर साधन छोड़ दिया। उसने मुझसे प्रश्न किया कि यह कौनसी सोपान थी?

मैंने उस सन्त सिंह से कहा भाई तुम भी बड़े अभ्यासी हो इसके प्रश्न का उत्तर दो। वह न दे सके। मैं जानता था कि वास्तविकता और रहस्य क्या है। वह प्राणी नितान्त नासमझ, विवेक और ज्ञान से रहित था। मैंने कहा मित्र! तुम वह मन्त्र पढ़कर जो तुमको उस कबीरपन्थी ने दिया था, सुनाओ। मेरे विचार में उसमें "हरे" का शब्द अवश्य होगा। चूँकि तुमको हरे रंग का संस्कार है इसलिए उसी संस्कार के अनुसार तुम्हारे अन्दर जो प्रकाश तुम्हारी अपनी आत्मा का है उसमें हरापन लिये दृष्टिगोचर हुआ है, तुमको यह साधन बिना सत्संग के वह अज्ञानी साधु दे गया था। उसने मन्त्र को सुनाया उसमें क्रमशः पाँच या सात बार "हरे" का शब्द प्रयोग में आता था।

मैं अपने जीवन के अनुभव के आधार पर साहसपूर्वक और निर्भय होकर उच्च स्वर से पुकार करता हूँ कि जिस प्रकार का संस्कार, विचार अथवा टच मनुष्य के मस्तिष्क पर प्रभावित होता है वही साधन में दृष्टिगोचर होता है। यही कारण है कि सन्तों के मार्ग में सहस्रदल कमल से लेकर सोहंग पुरुष तक सम्पूर्ण सोपान काल और माया के अन्तर्गत हैं।

यदि जन साधारण इस रहस्य को जानते तो यह धार्मिक जगत् के जितने विरोध हैं वह बुद्धिमान् पुरुषों के

अन्तःकरण से दूर हो जाते। इसी कारण किसी पूर्ण पुरुष की संगत और उसके टच का संस्कार अनिवार्य है। इस कमी को देखकर मैंने उस सच्ची शिक्षा को जिसको सतपुरुष राधास्वामी दयाल, सन्त कबीर, नानक आदि अन्य पूर्णपुरुष दे गये अपनाकर, समझ कर, साधन करके, रहस्य ज्ञाता होकर उनकी शिक्षा को प्राप्त कर इस संसार में जीवों के हित के लिए प्रकट हुआ हूँ :—

सत्संग करत बहुत दिन बीते, अब तो छोड़ पुरानी बान।
कब लग करौ कुटिलता गुरु से, अब तो लो गुरु को पहचान॥

सतगुरु फकीरचन्द नहीं है वरन् उसके वचन, उसका संस्कार, उसकी स्वतन्त्रता और सत्यता का विचार है।

मुझे हर्ष है कि हजूर पूज्य हरचरन सिंह जी, पूज्य हजूर कृपाल सिंह जी और दयाल स्वरूप पूज्य नन्दूभाई जी मेरी वर्णनशैली के मन्तव्य को सत्यता से सहमत हैं, जैसा कि उनके लेख और वचनों से सिद्ध होता है। मेरे जिम्मे में सत्यता प्रकट करने का कार्य था। मुझे न तो किसी को शिष्य बनाना है न डेरा-धाम बनाना है। मुझे निबल, अबल और अज्ञानी जीवों के लिए और जगत् कल्याण के लिए कार्य करना है। वह कर चला। यदि इन महात्माओं के अन्दर कुछ और है बाहर कुछ और है तो मैं नहीं जानता। मैं किसी के सम्बन्ध में कोई सम्मति नहीं दे सकता हूँ। अपने सम्बन्ध में कह सकता हूँ कि मुझे कोई भी निज स्वार्थ इस कार्य से नहीं है और न राधास्वामी मत का ही पक्ष करता हूँ। शेष दशहरे के अवसर पर वर्णन किये गये मेरे विचारों को मासिक पत्र शिव और दयाल फकीर सत्संग सभा प्रकाशित करेगे।

अपने आपको जानो, सच्चे बनो, प्रसन्नता का जीवन व्यतीत करो, धर्म और पन्थों के जाल से निकलो।

अब रह गया प्रश्न सुरत शब्द योग का जो कि सन्तों

का मार्ग है। उसके सम्बन्ध में मैंने दशहरे के अन्तिम सत्संग में कुछ निवेदन किया था वह मुझे पूरा तो याद नहीं किन्तु—

कहता हूँ कह जात हूँ अपने जीवन का सार।
गलत सलत का पता नहीं मेरा जीवन सत्याकार॥

एक शब्द तो वह है जो वाह्य पूर्ण पुरुष का वचन है। मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, वैज्ञानिक और बुद्धिगम्य जीवन को किसी पूर्ण पुरुष के वचन से शान्ति और सुख मिलनी चाहिए। दूसरे शब्दों में भ्रम, संशय, सन्देह समाप्त होने चाहिएँ। इससे आगे अन्तरी साधन की बारी आती है। सुनो :—

यह संसार प्राकृतिक है। जहाँ तक रचना का सम्बन्ध है प्रकृति चाहे स्थूल हो, चाहे सूक्ष्म अथवा कारण, सब माया है।

गोगोचर जहां लग मन जाई। सो माया कृत जानो भाई॥

हमारी पृथ्वी यद्यपि मिट्टी तत्त्व है किन्तु यह है वास्तव में सूर्य का दूसरा रूप। इसी प्रकार जितनी भी प्रकृति कारण, सूक्ष्म अथवा स्थूल है सबकी उत्पत्ति किसी ऐसे प्रकाश और शब्द से हुई है जिसको मैंने लोक-लोकान्तर का आधार समझा है। क्या पता सन्त उसको सतपद कहते हों। शास्त्रकार सत्यम् कहते हों। मुझे नहीं पता। मेरा अनुभव है कि प्रत्येक प्रकार की स्थूल प्रकृति जिसमें हमारी समस्त रचना विद्यमान है और सूक्ष्म प्रकृति जिसमें हमारी प्रत्येक प्रकार की वासनाएँ और प्रकृति की वासनाएँ विद्यमान हैं और कारण प्रकृति जो हमारी आत्मा है सन्त या शास्त्र जिसको काल या सोहं पुरुष कहते हैं, यह निःसन्देह किसी ऐसे महान् प्रकाश से प्रकट होते हैं जो अति ही निर्मल हैं। जहाँ प्रकाश है वहाँ शब्द है इसलिए जो प्रकाश और शब्द मनुष्य अपने शारीरिक, मानसिक अथवा आत्मिक संचालन से अपने अन्दर प्रकट करता है वह और प्रभाव रखता है।

घंटा, शंख, मृदंग, सितार, सारंगी, बांसुरी अथवा मुरली आदि के शब्द सब प्रकृति के हैं और मनुष्य की अपनी मानसिक विचारधाराओं, आशाओं, भावों की एकाग्रता के परिणाम हैं। चंकि आत्मा, मन और शरीर के बोध-भान सब इस प्रकृति के संचालन से बनते हैं जिस प्रकार पृथ्वी व अन्य तारागण सूर्य के संचालन से उत्पन्न हुए। इसी प्रकार जिसको वर्तमान वैज्ञानिक अपनी युक्ति से इस स्थूल प्रकृति के एटम से करोड़गुणा अधिक प्रकाश और ताप उत्पन्न कर कर रहे हैं इसी प्रकार योगी जन अपने अन्दर अपने भावों, विचारों, आशाओं के अणु को अपने अन्दर में एकत्रित करके अपने अन्दर प्रकाश और शब्द को उत्पन्न करके अपने और दूसरों के लिए आश्चर्यजनक बातें या करामातें उत्पन्न कर सकते हैं। इसका उल्लेख हमारे प्राचीन शास्त्र करते हैं और इनको यौगिक चमत्कार भी कहते हैं, किन्तु इन साधनों से आवागमन के चक्र से मुक्ति प्राप्त नहीं हो सकती है। इसालए सन्तों के मत में जिसकी मैंने परीक्षा की है सार शब्द, सार प्रकाश में लय होना है जहाँ :—

न आशा कोई न निराशा कोई, न अपना न बेगाना है।
नूर प्रकाश वहाँ पर मित्रो बहुत ही अजब सुहाना है॥
न गुरु कोई वहाँ चेला नहीं न कोई कर्त्तार सियाना है।
हस्ती आप में आप ही रहती शायद वही सत अस्थाना है॥
जो वहाँ रहता है संभवतः सन्त कोई रहता हो।
सहज आप में हस्ती रहे, न जीवन ब्रह्म निशाना है।
वाणी नहीं जो कह मैं सकूं, कर्म भोग फकीर भुगाना है॥
गुप्त रहस्य को खोल रहा न लेना है न देना है।
जो था अब तक राज़ सीना कर दिया उसको सफ़ीना है॥

यद्यपि इससे भी आगे कुछ है किन्तु कोई समझ न सकेगा इस अवस्था के प्राप्त करने के लिए ऐसे पुरुषों के

सत्संग और प्रेम की आवश्यकता है जो वहाँ रहता है।

जो नाम और धाम की आशा में हैं; जो काम और नाम की आशा में हैं उनका इष्ट या प्रेम तुमको किसी रूप में भी उस सत पद तक न ले जायेगा। मैंने इसलिए केवल वर्तमान और भविष्य में आने वाले महात्माओं को संकेत किया है :--

जीव अन्जान मरम न जाने उनको तुम वरगलाना नहीं।
दाम में अपने उनको साधुओ तुम फँसाना नहीं॥

इसलिए ऐ सच्चे जिज्ञासुओ! किसी पूर्ण पुरुष की संगत करो। तुम केवल किसी सतपुरुष के सत्संग से यदि तुमको इच्छा है तब जा सकोगे। यदि तुम में सच्चाई है, सच्ची तड़प है, तो मौज स्वयं प्रबन्ध कर देगी। सच्ची तड़प स्वयं तुमको वहाँ पहुँचा देगी। यह प्राकृतिक मार्ग है :—

प्रगटा कहने जगत् में सत्य यह नादान फकीर।
अज्ञानी जीव गालियां देवें कहे अभिमानी फकीर॥
गुरु ने हुक्म दिया था मुझको कह गये साँवलेशाह पीर।
निर्भय होकर बात कहूँ बन जिज्ञासुओं की पीर॥
मुझको पूजे कुछ न मिलेगा राज़ समझ लो वीर।
बात का समझना है गुरु धारण करना साफ कहे फकीर॥
दुःख सुख सह अपना कर्म निभाया बना धीर वीर गम्भीर॥
सही है या गलत है जाने वह आप ही सच्चा दस्तगीर॥

दाता के चरणों में प्रार्थना

तूने दिया काम तेरा है काम मेरा नहीं कुछ भी।
बुलबुला हूँ एक चेतन का मिट गई मैं और मनी॥
न करता काम बोझ सर रहता थी मेरे लिए मजबूरी।
अब दया करो बख्शो, स्वामी चरण हज़ूरी॥

———

सत्संग परमसन्त
हजूर मानव दयाल जी महाराज
मानवता मन्दिर होशियारपुर

दिनांक **21-7-86**

(गुरु पूर्णिमा के शुभावसर पर)

सन्त अवतार और सहज जीवन

भरोसा तेरा है तेरी आस मन में ।
लगा रहता हूँ तेरे सुमिरन भजन में ॥
यही है जतन और यही काम मेरा ।
जपा करता हूँ रात दिन नाम तेरा ॥
तेरी मौज में रह के निस दिन सुखी हूँ ।
नहीं भय न चिन्ता न जग से दुःखी हूँ ॥
खुली आँख से तेरा दर्शन जो पाया ।
मिटे सहज में मान मद मोह माया ॥
न जोगी न साधु न ज्ञानी बना मैं ।
न भोगी असाधु न मानी बना मैं ॥
जो था पहले अब भी वही रूप मेरा ।
न व्यापा मुझे काल का हेरा फेरा ॥

न जागा न सोया न सुषुप्ति में आया ।
न आसा निरासा के भय ने सताया ।।
न दौड़ा न बैठा न लेटा कभी मैं ।
न माता पिता और न बेटा कभी मैं ।।
नहीं ब्रह्म माया का है द्वन्द मुझको ।
न उलझा सका कर्म का फन्द मुझको ।।
सहज रूप है और सहज कर्म बानी ।
सहज में सहज की सहज हो निशानी ।।
सहसदल अनेक और त्रिकुटी की त्रिपुटी ।
दशा द्वैत की सुन्न में भी न प्रगटी ।।
महासुन्न अद्वैत का भाव छूटा ।
भँवर में नहीं काल माया ने लूटा ।।
अलख हूँ अगम हूँ अनामी बना हूँ ।
कहूँ कैसे कैसा कहाँ और क्या हूँ ।।
गुरु राधास्वामी ने आकर चिताया ।
मेरा रूप मुझको सहज में लखाया ।।

नन्दितानि दिगन्तानि यस्यानन्दस्य बिन्दुना ।
पूर्णानन्दं प्रभुं वन्दे स्वानन्दैक्यस्वरूपिणम् ।।
परमतत्त्वस्य अवतारं, परमपूज्य सत्संगिनाम् ।
मानवस्य परम इष्टं, फकीरं वन्दे जगद्गुरुम् ।।

राधास्वामी !

मेरी अपनी ही आत्मा के स्वरूप सत्संगी भाइयो और बहनो, आज व्यास पूर्णिमा है । व्यास ऋषि भगवान् कृष्ण के गुरु थे । यह पता नहीं कि कहाँ रहते थे और क्या थे ? वास्तव में गुरु सर्वव्यापक होता है वह न जन्म लेता है न मरता है वह प्रकट होता है और प्रकट होकर अपनी धारा को बहाता रहता है । मालिक को मिलने के दो रास्ते हैं । एक रास्ता है पूर्णमासी और दूसरा रास्ता है अमावस्या का ।

पूर्णमासी का रास्ता गृहस्थ का है और अमावस्या का रास्ता संन्यास का है। ऋषि वेदव्यास, गुरु वसिष्ठ गृहस्थी थे। आदि काल से ऋषियों के समय से जो सद्गुरु थे वह सब गृहस्थी थे। संन्यास तो चौथी अवस्था में लिया जाता है। हमारे यहाँ चार आश्रम माने गये हैं। (1) ब्रह्मचर्य आश्रम (2) गृहस्थ आश्रम (3) वानप्रस्थ आश्रम (4) संन्यास आश्रम। आश्रम का क्या मतलब है ? आश्रम का एक मतलब तो ये है कि जहाँ पर आप बैठे हो यह आश्रम है। शहरों से दूर जंगलों में एकान्त में ऋषियों के आश्रम हुआ करते थे। इन आश्रमों में ऋषियों के पास जाकर लोग रहते थे और शिक्षा प्राप्त करते थे विशेषकर ऐसी शिक्षा प्राप्त करते थे जिससे उन्हें यह पता चल जाता था कि हमारे जीवन का उद्देश्य क्या है, हम इस जगत् में क्यों आये हैं, हम कौन हैं, कहाँ से आये हैं ? इन सब बातों का पता सद्गुरु की कृपा से चलता है। हम महाराष्ट्र में अहेरी गये थे। वहाँ पर कमलेश्वर राव महाराज जी के बड़े भक्त हैं। महाराज जी उन्हें पागल कहा करते थे। वह हफ्ते में दो-तीन खत लिख दिया करते थे। अब मुझे भी लिखते हैं। अगर व्यक्ति पागल नहीं होए तो वह मालिक को प्राप्त नहीं कर सकता है। सारी दुनिया पागल है। एक बार पागलखाने में किसी ने एक पागल से पूछा "तू यहाँ कैसे आया ? पागल कहने लगा "दुनिया मुझे कहती थी कि मैं पागल हूँ मैं समझता हूँ कि दुनिया पागल है अब चूंकि उनका बहुमत था इसलिए उन्होंने मुझे पागलखाने में भेज दिया।" अब देखो सभी पागल हैं, कोई पैसे के पीछे पागल है, कोई शरीर के पीछे पागल है, कोई नाम कमाने के पीछे पागल है। बड़े-२ सन्त भी नाम कमाने के पीछे पागल हैं। पागलपन तो स्वाभाविक है। पागल किसी की नहीं सुनता अपनी धुन में रहता है। लेकिन

पागल के जरिये मालिक आपको चेतावनी देता है। सन्त भी दुनिया की बातें नहीं सुनते वह अपनी धुन में रहते हैं। मीरा बाई को भी पागल कहा गया। स्वामी रामकृष्ण परमहंस को भी पागल कहा जाता था। पागलपन एक दृष्टि से तो अच्छा है। पागलपन का मतलब है एक धुन में रहना। यदि कोई व्यक्ति मालिक के पीछे पागल हो जाये दुनिया तो उसे पागल कहेगी, लेकिन जब वह मालिक के अन्दर मिल जायेगा तो वह पागल है या दुनिया पागल है यह समझने की बात है। मीरा को दुनिया ने जितना कष्ट दिया उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। उसके घर वालों ने कष्ट दिया। मीरा का देवर राणा था उसने मीरा को मारने के लिए ज़हर यह कहलवा कर भेजा कि यह कृष्ण का चरणामृत है। मीरा ज़हर को चरणामृत समझकर पी गई। ज़हर का अमृत हो गया। जब मीरा को बहुत अधिक परेशान किया गया तो उसने तुलसीदास जी को खत लिखा कि मुझे घर वाले तंग कर रहे हैं, मैं क्या करूँ ? यद्यपि तुलसीदास भगवान् राम को मानने वाले थे फिर भी उन्होंने मीरा को जवाब दिया :—

जाके प्रिय न राम वैदेही।
तजिये ताहि कोटि बैरी सम
यद्यपि परम सनेही ॥

इस जवाब को पाकर मीरा ने मेवाड़ छोड़ दिया अब ज़रा सोचो, जब मीरा ने गिरिधर गोपाल की पत्थर की मूर्ति को परमतत्त्व माना और पत्थर से कृष्ण पैदा कर लिया। मीरा पत्थर की मूर्ति को परमतत्त्व मान कर कहाँ पहुँची ? जहाँ कबीर साहिब पहुँचे।

कबीर साहिब भी लहर तारा तालाब के अन्दर नूरा और लुकमान जुलाहा दम्पती को मिले थे। दोनों ने बच्चे

को घर ले जाने का फैसला किया। कबीर साहिब परमतत्त्व के अवतार थे। लोगों ने विभिन्न प्रकार की कहानियाँ बना दीं। और यह किवदन्ती चल पड़ी कि कबीर साहिब एक विधवा ब्राह्मणी के पेट से पैदा हुए थे वह समाज के डर से उन्हें तालाब के किनारे छोड़ आई थी। अक्सर लोग अच्छे और महान् व्यक्तियों को ब्राह्मण जाति के साथ जोड़ देते हैं। ब्राह्मण वो है जो ब्रह्म को जानने वाला है। चिराग़ जहाँ भी होगा वहीं रोशनी देगा चाहे वह चमार के घर हो। चाहे जुलाहे के घर हो। जुलाहे के घर में होते हुए ही उन्होंने बड़े सहज तरीके से बता दिया कि जीवन का उद्देश्य क्या है ? उन्होंने बताया—

झीनी २ बीनी चदरिया।

फिर सवाल किया—

कौन का ताना कौन की भरनी।
कौन तार से बीनी चदरिया॥

जुलाहे के घर जन्म लिया तो चदरिया से बता दिया कि तुम्हारे जीवन का लक्ष्य क्या है। एक तार को ताना जाता है और दूसरे तार से बुना जाता है। ये जो आपकी शरीररूपी चदरिया है इसको कौन से तारों से बुना है ? कबीर साहिब ने बड़ी सरल भाषा में जवाब दिया है :—

इंगला पिंगला ताना भरनी।
सुषुमन तार से बीनी चदरिया॥

इंगला, पिंगला क्या है ? इंगला है बुरे विचार, पिंगला है अच्छे विचार। अरे यह जितना भी भव जगत् है सब मन का है। यह सारा जगत् जो दिखाई देता है विराट् ने पैदा किया है, उसी ने नक्षत्रों को पैदा किया, सूर्य मण्डल को पैदा किया, आकाशगंगाओं को बनाया। यह सारा जगत् चदरिया है। इस चादर के अन्दर देवता भी आ जाते हैं। देवता क्या हैं ? देवता प्रकाश से बनी हुई ताकतें हैं। प्रकाश

ही तो ब्रह्म है। तो जैसी जगत् की चादर बनी है वैसी ही वो चादर है जो आपने खुद बनाई है। अब नहीं तो पहले बनाई थी। मैं आपको कल बता रहा था कि पुनर्जन्म और कर्म का जो सिद्धान्त है वह वैज्ञानिक है। पुनर्जन्म को पश्चिम भी मान रहा है तो आपने अपनी चदरिया अब नहीं तो पहले बनाई होगी। आप इस समय यहाँ बैठे हैं क्या पता कि आप मेरे साथ पहले भी थे अगर आप नहीं थे तो आप यहाँ क्यों आते। एक बार महाराज जी ने मुझे कहा कि तू मेरे पास वैसे ही नहीं आ गया तेरे पिछले जन्मों के संस्कार मेरे साथ थे। 1968 में अमेरिका में महाराज जी ने मुझे लिखा I.C. Sharma मैं 82 साल का हो गया मैं यह चाहता हूँ कि मेरे अन्दर सच्चाई का मिशन दाता दयाल ने दिया है वो आगे चलता रहे।" चूंकि उन्होंने जन्म लिया था जीवों का उद्धार करने के लिए, दया के लिए, मनुष्य चोले में आकर, जीवों को अंग लगाकर गुरु के देश ले जाने के लिए। गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए परम दयाल जी महाराज ने कहा "ऐ सत्संगियो तुम मेरे सद्गुरु हो, तुमने मुझे जगा दिया।" अवतार को भी जगाना पड़ता है। गुरु वसिष्ठ ने राम को जगाया। यदि विश्वामित्र नहीं होते तो राम का अवतार पूरा नहीं होता :—

सत्संग के प्रारम्भ में मैंने एक श्लोक कहा :—

परमतत्त्वस्य अवतारं; परमपूज्यं सत्संगिनाम् ।
मानवस्य परम इष्टं फकीरं वन्दे जगद्गुरुम् ॥

आज गुरु पूर्णिमा है। गुरु की महिमा का क्या मतलब है—परमपूज्यम् सत्संगिनाम्। हमारे युग के इस समय में परमतत्त्व के पूर्ण अवतार परम दयाल जी महाराज थे। मैं ये नहीं कह रहा कि राम कम थे या कृष्ण कम थे। दाता दयाल जी महाराज ने कहा है :—

न मैं राम कृष्ण का सेवक, ईश ब्रह्म नहीं जानूं।
मैं तो नाम फकीर दिवाना सबसे बढ़कर मानूं ।।
जो फकीर मोहे दर्शन देवे अपना भाग्य सराहूँ ।
अपने तन की चाम की जूती पग फकीर पहराऊँ ।।

अरे दाता दयाल जी महाराज भी तो महात्मा बुद्ध का अवतार थे जिनको सालिगराम जी महाराज ने जगाया और वो परम दयाल जी महाराज को कह रहे हैं कि मैं राम, कृष्ण का सेवक नहीं हूँ इसका मतलव ये नहीं कि दाता दयाल जी महाराज राम, कृष्ण के अवतार को नहीं मानते थे। राम गृहस्थ का अवतार थे तो कृष्ण वानप्रस्थ का अवतार थे। यदि राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे तो कृष्ण लोला पुरुषोत्तम थे और कृष्ण को राम से ऊँचा माना जाता है। कृष्ण को राम से ऊँचा क्यों माना जाता था जबकि कृष्ण झूठ बोलते थे और राम झूठ नहीं बोलते थे। राम ने बाली को मारते समय केवल एक बार झूठ का सहारा लिया। राम अपने युग के अवतार थे और उन्होंने बताया कि तुम गृहस्थ में रहते हुए भी वानप्रस्थ में कैसे रह सकते हो। तुम लोक भी बना सकते हो और परलोक भी बना सकते हो यदि अपने आपको पहिचान लो :—

पहचान ले अपने को तो इन्सान खुदा है।
जाहिर में है गो खाक मगर खाक नहीं है ।।
जलवों की खता क्या जो दिखाई नहीं देते।
खुद देखने वालों की नज़र पाक नहीं है ।।

आप सब पाक हो, आप परम दयाल जी महाराज के शिष्य हो, लेकिन आपकी दृष्टि पर मैल चढ़ी हुई है। 'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि', अगर आपकी नज़र पाक हो जाये, तुम्हारे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक अहंकार का पर्दा हट जाये तो तुम परमतत्त्व को पा जाओगे। सद्गुरु असलियत ही

तो बताता है। राम ने भी तो यही कहा कि अगर तुम गृहस्थ में रहते हुए मर्यादा का पालन करते रहो तो तुम परमतत्त्व को पा जाओगे। भक्ति तो अकाट्य है। भक्ति में क्या है ? कि तुम सद्गुरु को प्यार करो इसका मतलब है कि सद्गुरु से सम्पर्क रखो। उसे पिता मानो, भाई मानो, पुत्र मानो, मित्र मानो यदि कुछ नहीं मानते तो उसको शत्रु मानकर उसका विरोध करो उसके सामने लड़ने के लिए आ जाओ जैसे रावण आ गया। जब रावण के प्राण निकलने लगे तो उसके पास भगवान् राम गये तो रावण ने नमस्कार किया। रावण जानता था कि राम अवतार हैं। राम ने कहा कि "अगर तू चाहे तो मैं तुझे ज़िन्दा कर दूं" रावण ने कहा "नहीं मैं ज़िन्दा नहीं होना चाहता आपके हाथों से मरने के लिए ही तो मैंने आपसे शत्रुता की थी, आपका विरोध किया था।" आप सद्गुरु के साथ सम्पर्क रखो उस सम्पर्क से आप पहुँच जाओगे। नज़र पाक करने का मतलब है कि आपके और मालिक के बीच में जो पर्दा पड़ा हुआ है उसे हटा दें। जब ये पर्दा हट जायेगा तो आपको पता चल जायेगा कि मेरे अन्दर देवता हैं। ये सब दर्जे हैं, सहस्रदल कमल है, सारे जगत् के अन्दर जो कुछ हो रहा है हज़ारों कलाओं से हो रहा है, हज़ारों कलाएँ आपके हज़ारों विचारों के रूप में हैं। सन्तमत खोज है ये बहुत सरल तरीके से अन्दर का ज्ञान और जगत् का ज्ञान करा देता है लेकिन यह कब होता है जब आप सद्गुरु की शरण आकर अपने अहंकार को मिटा दें। जब तक आपके अन्दर अहंकार है तब तक यह ज्ञान नहीं हो सकता। मैं आपको बता रहा था कि भगवान् कृष्ण का अवतार भगवान् राम के बाद हुआ उनके अन्दर भगवान् राम की सारी खबियाँ मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि जब तुम अपने

आपको पहचानोगे तो तुम ये देखोगे कि तुम शरीर नहीं हो शरीर तुम्हारा है, तुम मन नहीं हो मन तुम्हारा है। मन से जो तुम काम करते हो अच्छा, बुरा, इंगला, पिंगला का, इन अच्छे, बुरे कामों से ऊपर उठना चाहिए। सुषुम्ना क्या है? सुषुम्ना है आपकी संकल्प शक्ति। संकल्प क्या है? संकल्प है अपने आपको मालिक के सुपुर्द कर दो। यह संकल्प सुषुम्ना है। आपको सुषुम्ना बताती है कि आप अविनाशी परमतत्त्व हो जिसने जगत् को अच्छा, बुरा बनाया। भगवान् कृष्ण ने बताया कि आप अच्छे, बुरे कर्मों से तब ऊपर उठ सकते हो जब अपने ध्यान को ऊँचा करोगे। अपनी तार को मालिक से मिला दोगे अपनी सुषुम्ना को मालिक से मिला दोगे तब तुम्हारा अच्छा, बुरा सब समाप्त हो जायेगा और इस जन्म के अन्दर आपके पिछले सभी कर्म कट जायेंगे और आप परम-तत्त्व हो जाओगे। गोपियाँ कौन थीं? गोपियाँ देवता थीं। देवता मनुष्य के रूप में मोक्ष प्राप्त करने के लिए आये। मोक्ष कब मिलता है? जब कोई मनुष्य के रूप में जन्म ले और सद्गुरु की शरण में आये और उसके कहने पर चले। देवता गोपियाँ बनकर आये। उन्होंने भगवान् कृष्ण से प्रेम का रिश्ता रखा। गोपियों का प्रेम आत्मिक प्रेम था कोई शारीरिक प्रेम नहीं था। गोपियाँ कृष्ण से इतना प्यार करती थीं कि कृष्ण जब बन्सी बजाते थे तो सारी गोपियाँ आ जाती थीं।

एक दिन गोपियों ने भगवान् कृष्ण से कहा कि हम आपके गुरु जी के दर्शन करना चाहती हैं। जब तुम इतने अच्छे हो तो तुम्हारे गुरु कितने अच्छे होंगे। कृष्ण ने कहा "मेरे गुरु खूब खाने-पीने वाले विशालकाय हैं। पहले सारी गोपियाँ एक-२ थाल लड्डुओं का बनाकर लाओ तब जाना

मेरे गुरु के दर्शन करने के लिए। 16 हज़ार गोपियाँ एक-२ थाल लड्डुओं का बनाकर ले आईं और भगवान् कृष्ण से कहा कि हम तुम्हारे गुरु के पास दर्शन करने के लिए जाना चाहती हैं। भगवान् कृष्ण ने कहा "अच्छा, वह यमुना के पार रहते हैं चली जाओ और उनसे कहना हमें कृष्ण ने भेजा है। गोपियाँ गईं मगर रास्ते में यमुना में बाढ़ आई हुई थी सब की सब गोपियाँ भगवान् कृष्ण के पास आकर कहने लगीं कि यमुना में तो बाढ़ आई हुई है हम कैसे जायें? भगवान् कृष्ण ने कहा "तुम सब जाकर युमना मैय्या से दर्दे-दिल से प्रार्थना करो कि अगर कृष्ण ने अपने जीवन के अन्दर मक्खन खाया नहीं, चुराया नहीं तो यमुना मैय्या रास्ता दे दे। गोपियों ने जाकर यमुना मैय्या से ऐसा ही कहा और प्रार्थना की। यमुना ने रास्ता दे दिया। सब गोपियाँ कृष्ण के गुरु के पास पहुँचीं। भगवान् कृष्ण के गुरु लम्बे-चौड़े विशालकाय बैठे हुए थे। गोपियों ने लड्डू खिलाने शुरू किये। भगवान् कृष्ण के गुरु खाते गये—खाते गये और अन्त में 16 हज़ार थाल हड़प कर गये। प्रसाद के लिए एक दाना भी न छोड़ा। गोपियाँ कहने लगीं हमें कृष्ण ने भेजा है हम आपके दर्शन करना चाहती थीं। गुरु जी ने कहा, "मुझे देख लिया मेरे दर्शन कर लिये अब जाओ।" गोपियाँ गईं तो यमुना में फिर बाढ़ आई हुई थी। गुरु के पास वापस आकर कहने लगीं हम कैसे जायें यमुना में तो बाढ़ आई हुई है। उन्होंने कहा "तुम आईं कैसे थीं ?" गोपियों ने कहा "कृष्ण ने कहा था कि यमुना मैय्या से कहो कि अगर कृष्ण ने माखन खाया नहीं, चुराया नहीं तो यमुना मैय्या रास्ता दे दे।" हमने ऐसा ही कहा और यमुना ने रास्ता दे दिया। गुरु ने कहा "बस यही बात है। तुम जाकर यमुना से कहो कि अगर मैंने तुम्हारे लड्डुओं का एक दाना तक

न खाया हो तो यमुना मैय्या रास्ता दे दे।" गोपियों ने जाकर यमुना मैय्या से कहा "अगर हमारे कृष्ण के गुरु ने लड्डुओं का एक दाना तक न खाया हो तो हमें रास्ता दे दो।" यमुना ने रास्ता दे दिया। सारी गोपियाँ यमुना पार करके कृष्ण के पास पहुँचीं। भगवान् कृष्ण ने कहा "क्यों मेरे गुरु के दर्शन कर लिये ?" गोपियों ने कहा "हाँ-२ कर लिये।" भगवान् कृष्ण ने कहा "अच्छे लगे ?" गोपियाँ कहने लगीं "हाँ अच्छे लगे" भगवान् कृष्ण ने कहा "मैंने तुम्हें कहा था न कि मेरे मुकाबले में हजारगुणा अच्छे हैं" गोपियों ने कहा हाँ-हाँ हजारगुणा अच्छे हैं, लाखगुणा अच्छे हैं, अरे तू भी झूठा और तेरा गुरु भी महा-झूठा। तूने हमारी मटकियाँ फोड़ीं, मक्खन चुराकर खाया और कहता है कि मैंने मक्खन खाया नहीं, चुराया नहीं तो यमुना रास्ता दे दे और यमुना मान जाती है और तेरे गुरु ने हमारे सामने सारे लड्डू खा लिये और कहते हैं कि मैंने लड्डू का एक दाना तक नहीं खाया।" यह बात जरूर है कि झूठ में सबसे आगे थे। भगवान् कृष्ण ने कहा कि बस, यही तो बात है अरे मक्खन किसने खाया ? मेरे शरीर ने लेकिन मैं शरीर नहीं हूँ और मेरे मन ने चोरी का संकल्प किया लेकिन मैं मन नहीं हूँ। न मैं शरीर हूँ, न मन हूँ, मैं तो परमतत्त्व हूँ। भगवान कृष्ण का जीवन सन्तमत का जीवन था उन्होंने बता दिया गृहस्थ के अन्दर रहते हुए उसमें फँसना नहीं है। शरीर अपना काम करता है, मन अपना काम करता है। अगर सुरत को मन से ऊपर उठाकर देखो तो अच्छा, बुरा कुछ नहीं रहता। वहाँ साँच-झूठ कुछ नहीं रहता। लेकिन यह कब नहीं रहता जब गुरु की कृपा से सुरत जाग जाती है। भगवान् कृष्ण का अवतार लीला पुरुषोत्तम का अवतार था क्योंकि वह आगे चलकर

कबीर के अवतार की तैयारी कर रहा था। एक सद्गुरु आगे आने वाले सद्गुरु के लिए पृष्ठभूमि बनाता है। वह नींव बनाता है जो आगे जाकर इमारत बनती है। राम बारह कला के अवतार थे और कृष्ण सोलह कला के सम्पूर्ण अवतार थे और परम दयाल जी सर्वकला सम्पूर्ण थे। सद्गुरु इस जगत् में जगत् कल्याण के लिए, जीवों पर दया करने के लिए, जीवों से प्यार करने के लिए आता है। जब सद्गुरु देखता है कि मेरा जीवन समाप्त होने वाला है तो उस दया को और आगे बढ़ाने के लिए अपने शिष्य को अपने जैसा ही नहीं बल्कि अपने से ज़्यादा अच्छा बनाता है, अपने से ज़्यादा ताकत देता है, शक्ति देता है ताकि उसका मिशन पूरा हो जाये। यह किसी के वश की बात नहीं है कोई कहे कि मैं कर रहा हूँ तो 'मैं' तो है ही नहीं। मैं फकीरमय क्यों लिखता हूँ क्योंकि मैं फकीरमय हूँ। मैं बता रहा था कि कृष्ण के अवतार में राम की सभी बातें हैं लेकिन उससे आगे हैं।

कबीर साहिब जब पैदा हुए उस समय हिन्दु धर्म बहुत बुरी दशा में था उस समय जातिवाद तथा छूआछात थी। लोगों ने कहा कि कबीर साहिब ने मुसलमान के घर जन्म लिया लेकिन उनके अन्दर कोई भी बात इस्लाम धर्म की नहीं थी। ब्राह्मणों ने यह बताने की कोशिश की कि कबीर ब्राह्मणी के पेट से पैदा हुए जो रामानन्द जी की चेली थी। और कबीर अपनी माता के हाथ के अंगूठे से पैदा हुए इसलिए उनका नाम करबीर था अब करबीर नाम तो होता नहीं। इसी प्रकार कबीर के जन्म के सम्बन्ध में अनेक किंवदन्तियाँ प्रचलित हो गईं लेकिन कबीर साहिब तो परमतत्त्व के अवतार थे। मैं आपको बता रहा था :—

इंगला पिंगला ताना भरनी ।
सुषुमन तार से बीनी चदरिया ।।

जो आपकी संकल्पशक्ति है वह इस बात का प्रमाण है कि आपके अन्दर आत्मा से ऊपर अविनाशी तत्त्व बैठा हुआ है । वह आपको शक्ति देता है । आपके बड़े सौभाग्य हैं कि आप इस मन्दिर में आकर सत्संग सुन रहे हैं । यह आपका प्रारब्ध कर्म है । प्रारब्ध कर्म से जो आप शब्द सुन रहे हैं या सत्संग में जो बात आपको बताई जा रही है उस पर चलना या न चलना आपकी मर्जी पर है और यह आपकी सुषुम्ना शक्ति है । यदि आप कही हुई बात पर चलोगे या अमल करोगे तो आपका रास्ता सहज हो जायेगा अगर नहीं चलोगे तो कठिन हो जायेगा ।

आखिरी वैसाखी पर इसी स्टेज पर महाराज जी बैठे थे । मैंने सत्संग दिया, महाराज जी ने सत्संग दिया और दूसरों ने भी सत्संग दिया । दूसरे दिन मैंने कहा "महाराज जी मैं एक सत्संग और देना चाहता हूँ" बोले "क्यों ? कल तू ने वो सब कुछ कह दिया जो मैं चाहता था अब क्या जरूरत है ?" मैंने कहा "मैं आपके शरीर में रहते हुए यह देखना चाहता हूँ कि मैं जो कुछ कह रहा हूँ सही कह रहा हूँ ग़लत तो नहीं कह रहा ।" महाराज जी ने मुझे थपकी दी और उसी वक्त वरदान दिया "शर्मा तू जो कुछ भी कहेगा हमेशा सही कहेगा ।" अब उनकी कृपा से मैं बोल रहा हूँ मैं क्या बोल रहा हूँ उनकी कृपा बुलवा रही है । अब मैं खुद कभी-२ हैरान होता हूँ कि :

'वाणीजालं महाजालम्'

इस वाणी के महाजाल को साफ करने के लिए एक सद्गुरु दूसरे सद्गुरु को काम दे जाता है । महाराज जी कहते थे कि वाणी के जाल में मैं भी फँसा हुआ था । मैं

आपको बता रहा था :—

अष्ट कमलदल चरखा डोले,
पाँच तत्त्व गुन तीनी ।

पाँच तत्त्व और तीन गुण आठ हो जाते हैं। यहाँ पर आकर कमलदल का अर्थ यह नहीं है कि पाँच तत्त्व तीन गुणों से मिलकर आठ हो जाते हैं इसका मतलब यह है कि आठ दलों वाला कमल पाँच तत्त्वों और तीनों गुणों को पैदा करके जगत् की रचना करता है। मुझे एक व्यक्ति के सत्संग को सुनकर हँसी आ गई जिसने नासमझी में यह कह दिया कि पाँच तत्त्व और तीन गुण ही अष्टदलकमल हैं। अष्ट दल कमल हमारा नाभिचक्र है जो विष्णु का स्थान है इसी तरह से ब्रह्माण्ड का अष्टदल कमल ब्रह्माण्डी मन एवं विष्णु है जिससे ब्रह्मा रूपी सृष्टि पैदा होती है। यह सृष्टि पाँच तत्त्वों और तीन गुणों की है जबकि अष्टदल कमल इनको पैदा करने वाला चरखा है।

जो विष्णु तत्त्व है जो सारे जगत् का ब्रह्माण्डी मन है। उसी तरह आपका मन है। पाँच तत्त्व का मतलब है आपके मन के अन्दर संकल्प पैदा होता है, उस संकल्प-विकल्प से आपके मन ने पाँच तत्त्वों को विशुद्ध रूप में और तीन गुणों को विशेष रूप में चिन्तन, ध्यान से आपके शरीर, मन को बनाया। आपको वही चीज़ मिलेगी आप में वही गुण होंगे जो आपके पिछले कर्मों के मुताबिक होंगे। आपका शारीरिक और मानसिक जो शरीर है यह आपके पिछले कर्मों के मुताबिक बना हुआ है, देवताओं का शरीर सूक्ष्म तत्त्वों से बना हुआ है। इसीलिए कबीर साहिब ने आगे चलकर कहा :—

साईं को सियत मास दस लागे,
ठोंक-२ के बीनी चदरिया ॥

"ठोंक-२ कर बीनी" का मतलब है कि आपके जितने भी कर्म हैं वे आपकी चादर के अन्दर बुने हुए हैं। ये कर्म आपको भोगने पड़ेंगे :—

यह चादर सुरनर मुनि ओढ़ी ओढ़ के मैली कीन्ही।
दास कबीर जतनकर ओढ़ी ज्यों की त्यों धर दीन्ही चदरिया।

इन पंक्तियों में सारा राज़ बता दिया। सुर, नर, मुनि की चादर में भी पाँच तत्त्व और तीन गुण हैं। देवता भी लड़े, उन्होंने भी क्रोध किया, मन में बुरे विचार रखे इसलिए वह मुक्त नहीं हुए। लेकिन कबीर साहिब ने इस चोले में आकर जुलाहे के लड़के बनकर अपने आपको पाक और पवित्र रखा। भगवान् कृष्ण ने मन और शरीर से ऊपर उठकर काम किये इसलिए वह साँच-झूठ से ऊपर उठ गये। कबीर साहिब ने कहा "अगर आप मालिक से प्यार करते हैं, अपने आपको मालिक को समर्पित कर देते हैं तो आप भी पाँच तत्त्व और तीन गुणों से ऊपर उठ जायेंगे" कबीर साहिब ने जो कुछ भी लिखा है वह वेदों पर, उपनिषदों पर लिखा है। सन्त का अवतार, परमतत्त्व का अवतार, सद्गुरु का अवतार, हर युग में उस युग की, उस समय की ज़रूरत के मुताबिक होता है वह लोगों को चेताता है। दाता दयाल जी ने महाराज जी को कहा :—

'न मैं राम कृष्ण का सेवक'

इसका मतलब यह नहीं कि वह राम, कृष्ण को नहीं मानते थे। दाता दयाल जी महाराज ने भगवान् कृष्ण को सतपुरुष का सबसे ऊँचा अवतार माना है। राम और कृष्ण अपने समय के अवतार थे। जिस समय कृष्ण आये उस समय भी दुष्टों का चक्कर था, धर्म गिर चुका था, आम आदमी गिर चुका था। इस समय म आम आदमी को ऊपर उठाने के लिए, धर्म को फिर से स्थापित करने के लिए,

दुष्टों को तथा दुर्योधन को सजा देने के लिए, अर्जुन को भक्ति देने के लिए कृष्ण का अवतार हुआ। मैं समझता हूँ कि कृष्णावतार में काल और दयाल दोनों मिले हुए थे। काल कम था और दयाल ज़्यादा था लेकिन इस कलियुग के अन्दर काल की ज़रूरत नहीं. काल को मारने की ज़रूरत नहीं क्योंकि जितने भी सन्त अवतार हुए हैं उन्होंने जीव को बड़े सरल तरीके से बताया कि तुम ऊपर कैसे जा सकते हो। कबीर साहिब ने शब्दाभ्यास बताया और कहा कि हरएक मनुष्य चाहे वह बूढ़ा हो, जवान हो, अमीर हो, ग़रीब हो शब्दाभ्यास से परमतत्त्व को पा सकता है। उसे किसी प्रकार के आडम्बर की ज़रूरत नहीं है। समय की बात है संन्यासवाद ग़लत रास्ते पर चल रहा था कबीर साहिब ने सच्चाई को बयान किया। हरएक को उसके मुताबिक समझाया, वेदान्तियों को, नाथों को, सूफियों को समझाया, मुसलमानों का राज्य था इसलिए बात को सैन-बैन में कहा जाता था। इस सच्चाई को आगे चलाने के लिए उन्होंने किसी संन्यासी को उत्तराधिकारी नहीं बनाया बल्कि गृहस्थी को उत्तराधिकारी बनाया जो जाति का बनिया धर्मदास था और उसको कहा :—

धर्मदास तोहे लाख दुहाई,
सार भेद बाहर नहीं जाई।

यदि कबीर साहिब सारा भेद बता देते तो उस समय मुसलमानों का राज्य था और मुसलमान कबीर साहिब का विरोध करते। लेकिन जब स्वामी जी महाराज आये तो इस सच्चाई को उन्होंने स्पष्ट कहा। स्वामी जी महाराज ने तो 5 साल की उम्र से ही कबीर साहिब की सच्चाई को अनुभव किया और बताया। स्वामी जी महाराज पूर्ण अवतार थे लेकिन कबीर साहिब के बाद 500 वर्षों में ही

फिर जरूरत हो गई कि कोई सद्गुरु सच्चाई को अनुभव करने के बाद जीवों को सच्चाई का मार्ग बताये क्योंकि धर्मदास के बाद जितने भी गुरु हुए उन्होंने यह तो रखा कि "सार भेद बाहर नहीं जाई" लेकिन सारभेद क्या है यह उन्होंने स्वयं भी अनुभव किया इसलिए आज से सौ साल से अधिक पहले स्वामी जी महाराज का अवतार हुआ और स्वामी जी महाराज ने कबीर की सच्चाई को अन्दर से निकाल कर बहुत सरल तरीके से आम आदमी को बताया। स्वामी जी महाराज की 'सारवचन' पुस्तक के अन्दर उपनिषद्, भगवद्गीता हैं। लेकिन स्वामी जी महाराज के इस मिशन को सैकड़ों लोगों ने पकड़ा उनमें से कुछ आगे आये लेकिन उन आगे आने वालों में से काम सिर्फ सालिगराम जी महाराज को दिया। वास्तव में स्वामी जी महाराज ने इस मिशन का कोई नाम या मत नहीं रखा लेकिन सालिगराम जी महाराज ने उसे 'राधास्वामी' नाम दिया और उसे व्यवस्थित किया। सालिगराम जी महाराज के अन्दर वह सभी गुण थे जो होने चाहिएँ। उनकी इच्छा थी कि इस सच्चाई को हमेशा के लिए एक 'सारवचन' पुस्तक के अन्दर रख दिया जाये और इस सच्चाई को आगे फैलाया जाये। इस सच्चाई को उन्होंने दाता दयाल जी महाराज को दिया। दाता दयाल जी महाराज अपने गुरु राय सालिगराम जी महाराज से केवल तीन बार मिले। तीन बार मिलने में ही राय सालिगराम जी महाराज ने दाता दयाल जी को कहा "तुम सन्तमत के व्यास हो।" दाता दयाल जी महाराज ने अपने जीवन में पाँच हजार किताबें लिखीं। वह एक रात में एक किताब लिख देते थे। दाता दयाल जी महाराज ने जो कुछ लिखा उसका कोई मुकाबला नहीं है। दाता दयाल जी महाराज ने इस मिशन को आगे

चलाने के लिए अपने शिष्यों में से परम दयाल जी महाराज को पहचाना और कहा :—

ना मैं राम कृष्ण का सेवक ईश ब्रह्म नहीं जानूं।
मैं तो नाम फकीर दिवाना सबसे बढ़कर मानूं॥

परम दयाल जी को बताया कि तू फकीर है, तू परम-तत्त्व है, परमसन्त है :—

'मैं भी तरूँ फकीर चरण लग'

अरे ! गुरु शिष्य को कहता है कि मैं भी तेरे चरणों में लग कर तर जाऊंगा। ये समझने की बात है। यह इन्सानी काम नहीं है। इस बात को कोई व्यक्ति नहीं कह सकता। यह काम कोई और ताक़त करती है।

1968 में महाराज जी ने मुझे लिखा "अब मैं 82 वर्ष का हो गया। मैं चाहता हूँ कि तेरे जैसा कोई व्यक्ति इस काम को आगे चलाये। तुम अच्छी प्रकार से सोच लेना। कोई जल्दी की बात नहीं है। तुम गृहस्थी हो। जब तू यहाँ आयेगा तब मैं देखूंगा कि तुम्हारे अन्दर क्या गुण हैं ? और क्या अवगुण हैं ? तुम्हारे अन्दर जो गुण होंगे उनको पनपाऊँगा।" महाराज जी लगातार अमेरिका आते रहे। उन्होंने परसराम जी को कहा "परसराम ! मैं यहाँ पर अमेरिकन लोगों को सत्संग देने के लिए नहीं आया मैं तो I. C. Sharma को तैयार करने के लिए आया हूँ।" यहाँ जो कुछ भी हो रहा है उन्हीं की ताक़त व शक्ति से हो रहा है। मैं आपको सच्चे दिल से एक बात कह सकता हूँ। मैंने अपने जीवन में दो लक्ष्य रखे (1) मैं अच्छा बनूं और ऐसा अच्छा बनूं कि अगर मैं किसी का भला नहीं करूँ तो किसी का बुरा भी नहीं करूँ। मेरी बचपन से यह कोशिश रही कि जानबूझ कर मेरी ओर से, शरीर, मन, आत्मा से किसी को दुःख न पहुँचे। बचपन से मैं समाधि लगाता था।

उस समय मुझे सन्तमत का पता नहीं था कि सन्तमत क्या है ? जब में 10वीं कक्षा में पढ़ता था उस समय सुना था कि आगरा में एक ऐसा आश्रम है जहाँ लोगों को प्रकाश दिखाई देता है जब कि मैं समाधि में रोज़ाना ही प्रकाश देखता था।

(2) मेरे जीवन का दूसरा लक्ष्य था कि मैं प्रकाश में विलीन हो जाऊँ। मेरे ताऊ जी शिवभक्त थे। मेरी माता वैष्णव थी वह कृष्ण की पूजा करती थी तथा कृष्ण का ध्यान करती थी। मैं 5 साल की उम्र में कई नाम बोलता था लेकिन जब मैं ध्यान करता था तो मुझे प्रकाश दिखाई देता था और उस समय मेरी यह इच्छा होती थी कि मैं इस प्रकाश के अन्दर विलीन हो जाऊँ। मुझे प्रकाश के अन्दर विलीन होने में आनन्द आता था। यही कारण था कि महाराज जी को मिलने से पहले मेरी वह अवस्था थी जो इस शब्द में आया है "लगा रहता हूँ तेरे सुमिरन भजन में।" मेरा काम भी पढ़ाने का था और पढ़ाता भी था भगवद्गीता, वेद, उपनिषद् आदि। दर्शन शास्त्र पढ़ाना एक अलग बात है लेकिन उसके अन्दर रहना, अपनी रहनी को वैसा बना लेना बड़ा मुश्किल है। मैंने बड़े-२ दार्शनिक देखे। उनमें भी ईर्ष्या, द्वेष, नफ़रत की भावनाएँ भरी पड़ी हैं। एक दूसरे से ईर्ष्या करते हैं। वे जो कुछ पढ़ाते हैं उस पर अमल नहीं करते हैं। मैं भी दर्शन शास्त्र पढ़ाता था लेकिन मेरे दो रास्ते थे—(1) जाने या अनजाने में मेरे से किसी को कष्ट नहीं पहुँचे। (2) जो बच्चे मेरे घर आते थे उनको मुफ्त पढ़ाता था। क्योंकि मेरी कक्षा में यदि किसी विद्यार्थी को ट्यूशन की ज़रूरत है तो मैं उसे मुफ्त पढ़ाता था क्योंकि वह मेरी कमी से कमज़ोर है। मालिक की हमेशा मेरे ऊपर ऐसी कृपा रही कि मेरी कक्षा में कोई भी

छात्र फेल नहीं हुआ। मैं आपको बता रहा था कि हम क्या हैं ? जब आदमी उस अवस्था पर पहुँच जाता है तो तब समझता है कि अरे मैं तो अपने आपको I. C. Sharma समझता था, मैं तो अपने आपको Ph.D. समझता था मगर यह तो कुछ नहीं है। मैं क्या हूँ।

महाराष्ट्र अहेरी से हम चन्द्रनगर आये। यहाँ पर विद्वानों ने बलाया था। सारे पढ़े-लिखे लोग थे। उनको सत्संग तो क्या देना था, भाषण देना था। उनमें से एक प्रोफेसर उठा और उसने मेरे बारे में एक-दो बातें बताकर कहा कि यह अपना परिचय स्वयं देंगे। अब बताओ मैं उन्हें अपना परिचय देने गया था या अपना कुछ अनुभव देने गया था ? मैंने उस समय कहा कि मेरा परिचय क्या है ? मैं खुद नहीं जानता :—

पता क्या खाक बतलायें नहीं नामोनिशाँ अपना।
हम अपने आप हैरां हैं करें क्यों कर बयाँ अपना॥

क्या मैं यह कहता कि I. C. Sharma फलाने के घर में पैदा हुआ है, उसने M.A. किया, Ph.D. किया पढ़ाया इतनी किताबें लिखीं ? अरे यह सब कुछ नहीं है ! जब मैं महाराज जी के पास आया तो मैंने इन सबको बलाये ताख रख दिया था। उनके दर्शनमात्र से, उनके एक वाक्य से मेरे अन्दर जो जागृति की अवस्था आई उसको मैं बयान नहीं कर सकता। महाराज जी के सम्पर्क में आने पर मैंने देखा कि दाता दयाल जी महाराज का जो शब्द है उस शब्द के मुताबिक मैं बचपन से काफी सीमा तक चल रहा था। मुल्तान में मैंने लड़कियों का कालिज चलाया। मैं प्रिंसीपल था। B.A. की जब बिदाई पार्टी हुई तो फोटो खिचा। मैंने फोटोग्राफर को कहा कि इसका शीर्षक (ourselves) "हम अपने आप में" रखो। मैं कालिज में बहुत सख्त था। मैं

किसी लड़की को बोलने नहीं देता था। 1944 की एक घटना आपको बताता हूँ। उस समय मेरी उम्र 22 वर्ष की थी। मैं कालिज का Principal था। एक दिन कालिज में गैर-हाज़िर था। मेरी जगह दूसरा प्रोफेसर Principal बन गया था। उसका नाम लक्ष्मी नारायण था। होली के दिन थे। कालिज में सब लड़कियाँ थीं। इधर लक्ष्मी नारायण को थोड़ा सा अहंकार आ गया कि मैं Principal हूँ। वैसे आदमी अच्छा था। लड़कियाँ छत पर रंग बनाकर बैठी थीं। लक्ष्मी नारायण ने कहा "रंग मत बनाओ" किसी भी लड़की ने उसकी बात नहीं मानी। लड़की ने रंग की बाल्टी पकड़ी हुई थी। लक्ष्मी नारायण ने लड़की का हाथ पकड़ कर रंग की बाल्टी पलट दी। उस लड़की ने लक्ष्मी नारायण को बदतमीज़ कह दिया। उस समय कोई भी लड़का लड़की का हाथ नहीं पकड़ सकता था। परिणाम क्या हुआ कि जब मैं दूसरे दिन कालिज गया तो सारी लड़कियाँ हड़ताल पर बैठी थीं। मेरे पूछने पर बताया "उस प्रोफेसर ने एक लड़की का हाथ पकड़ लिया।" मैंने लक्ष्मी नारायण को बुलाकर पूछा उसने कहा "उस लड़की ने मुझे बदतमीज़ कहा था।" अब मुझे उनका फैसला करना था। मैंने पहले लक्ष्मी नारायण से कहा "तुम्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। हमारे देश में स्त्री जाति की बड़ी इज़्ज़त है। जब तक लड़की अविवाहित होती है उसको हम देवी मानते हैं। जब उसकी शादी हो जाती है तो वह लक्ष्मी होती है, जब वह माँ बनती है तो उसे माता मानते हैं।" कहने लगा "मेरी मंशा ग़लत नहीं थी। मैंने जानबूझ कर नहीं किया।" उसने मेरे से माफी माँगी। अब मैंने छात्रा को बुलाया और उससे कहा "कान्ता तू अच्छे खानदान की है। तूने यह क्या किया? तूने उस प्रोफेसर को बदतमीज़ कहा।" कहने लगी "हाँ

मैंने कहा" मैंने कहा "आखिर तेरा गुरु है, तुम्हें उससे माफी मांगनी पड़ेगी" सब छात्राएँ बाहर से देख रही थीं। मैंने लक्ष्मी नारायण को बुलाया और कान्ता ने उससे माफी माँगी। हड़ताल समाप्त हो गई। उन छात्राओं की क्या भावना थी ? कालिज में विदाई पार्टी हुई। उस विदाई पार्टी में लड़कियों ने एक मेज़ लगाई थी और सब के बैठने के लिए कुर्सियाँ लगाई थीं। लड़कियों ने कहा कि हर व्यक्ति अपनी-२ सीट स्वयं देख ले। उन्होंने प्रत्येक सीट पर एक फर्ज़ी नाम रख दिया था जैसे एक लड़की सरला है उसको लिखा "Simple living and high thinking" (सरल जीवन और ऊँचा विचार) सब को पता लग गया कि इस प्रकार हमारे नाम का अर्थ लिखा हुआ है। इसी प्रकार एक लड़की का नाम था कमला, उसको लिखा Miss Lotus। अब मैं खड़ा था जिस सीट पर मिस लिखा था उसको देखता नहीं था। मैंने देखा कि एक सीट पर लिखा था :"जिसका कोई आकार नहीं" मैंने सोचा यही मेरी सीट है। लड़कियों ने कहा "यह आपकी सीट नहीं है यह तो ईश्वर नाम लड़की की सीट है।" जब सब सीटें भर गईं तो एक सीट पर लिखा था "मिस मैगनेट" (कुमारी चुम्बक) कहने लगीं यह आपकी सीट है।" फिर उन्होंने कुमारी चुम्बक की व्याख्या की और बताया "आप अविवाहित हो। आपके पास जब किसी की शिकायत के लिए आते हैं तो चुम्बक की तरह आकर्षण हो जाता है इसलिए हमने आपका नाम 'मिस चुम्बक' रखा"। मैं आपको अपना अनुभव बता रहा हूँ। मैं उस समय ऐसी मस्ती में रहता था कि मैं किसी को पहचानता तक नहीं था। मुझे यह तक पता नहीं होता था कि इन्होंने कौन से रंग की साड़ी पहनी है। लेकिन जब महाराज जी के सम्पर्क में आया तो मेरे अन्दर एक बिस्फोट

हुआ और आध्यात्मिक जागृति आ गई। यह मालिक की कृपा थी :—

भरोसा तेरा है तेरी आस मन में।
लगा रहता हूँ तेरे सुमिरन भजन में॥

आज गुरुपूर्णिमा है। हमारे परम गुरु दाता दयाल जी महाराज पूर्ण अवतार थे उनके इस शब्द में और हर शब्द की हर शैली में इतना आनन्द भरा है, इतनी चेतना भरी है जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता। दाता दयाल जी कह रहे हैं :—

'भरोसा तेरा है तेरी आस मन में'।

आपको उसका भरोसा है या नहीं। यह आपको कहा जा रहा है। यदि आपको उसका भरोसा है तो आप मौज में हो। पूरी तरह से आप उसको अपनी चिन्ताएँ दे दो। लोग अपनी चिन्ता भी नहीं देते हैं। अमेरिका में जब मैं कक्षा में पढ़ाता था तो ब्लैक बोर्ड पर पहले अपना नाम लिखता था और "No Hurry No Worry" (जल्दी नहीं चिन्ता नहीं) लिखता था। छात्रों से कहता था कि जिसको कोई शंका हो मुझसे टेलीफोन पर बात कर लेना। कई प्रोफेसर होते हैं जो देर से आने पर कक्षाओं के दरवाज़े बन्द कर लेते हैं लेकिन मैंने अपने छात्रों के लिए कक्षा के दरवाज़े कभी भी बन्द नहीं किये जो छात्र देरी से हाँफते हुए, भागते हुए आते थे मैं उनको कहता था कि आराम से आ जाओ। कई प्रोफेसर छात्रों के साथ सख़्ती का व्यवहार करते हैं मैं समझ नहीं पाता कि वह ऐसा क्यों करते हैं। अगर तुम्हारे अन्दर से द्वेष नहीं गया नफ़रत नहीं गई तो तुम पढ़ा नहीं सकते। मैंने छात्रों के साथ कभी भी सख़्ती का व्यवहार नहीं किया था। मैं उनको कहता था "अगर तुम्हें कोई चिन्ता है तो उन चिन्ताओं की गठरी बाँध करके बाहर रख आओ और चिन्तामुक्त होकर कक्षा में पढ़ो। जब जाओ तो अपनी चिन्ताओं की गठरी लेते जाना। (क्रमशः)

मासिक सन्देश

परमसन्त हजूर मानव दयाल

डा० ईश्वर चन्द्र शर्मा जी महाराज

मेरे परम प्रिय सत्संगियो !

राधास्वामी, परम दयाल जी सहाई !

पिछले महीने के सन्देश में मैंने आपको जून महीने की घटनाओं से सूचित कर दिया था। जुलाई में सूचना देने के योग्य मुख्य घटनाएँ जयपुर में मानवता पब्लिक स्कूल तथा मानवता मन्दिर के भवन के निर्माण का शिलान्यास तथा मानवता मन्दिर होशियारपुर में गुरुपूर्णिमा के सत्संग का आयोजन थीं। हम 5 जुलाई को होशियारपुर से रवाना होकर देहली पहुँचे। 6 को केवल विश्राम का प्रोग्राम था फिर भी बहुत से श्रद्धालु सत्संगी मिलने के लिए आते रहे। हम 7 जुलाई को प्रात:काल जयपुर के लिए रवाना हो गये। हालाँकि शिलान्यास की तिथि 13 जुलाई थी; पाठकों को यह बताना आवश्यक है कि हम इतने दिन पहले जयपुर के लिए क्यों रवाना हुए ?

इस विषय में मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता होती है कि 10 जुलाई 86 को मेरे प्रिय शिष्य ब्यावर के नगरसेठ श्री मोती चन्द गोलछा के सुपुत्र का शुभ विवाह था। मुझे प्राय: हरएक विवाह पर सम्मिलित होने का समय नहीं

मिलता। कई बार अपने निकटवर्ती सम्बन्धियों के विवाह पर भी मैं नहीं पहुँच सकता। इतना तक कि 18 जनवरी 1983 को आन्ध्रप्रदेश के दौरे के कारण अपने ज्येष्ठ पुत्र डा० अरुण कुमार जेतली की सगाई पर भी शामिल न हो सका था। किन्तु मेरे प्यारे शिष्य मोती चन्द के सुपुत्र के विवाह को मैं नहीं टाल सकता था। मैंने दो महीने पहले ही इस शुभ अवसर पर जयपुर जाने का निश्चय कर लिया था। उसका कारण यह है कि मोती चन्द मेरा शिक्षा का शिष्य होने के साथ-२ आज एक आदर्श सत्संगी भी है। यूं तो भारत में और विदेशों में मेरे हज़ारों शिष्य हैं और मुझे सभी प्यारे हैं किन्तु मोती चन्द का व्यक्तित्व दूसरों के लिए एक आदर्श बन सकता है। न ही केवल इतना बल्कि उसके जीवन काल की छात्र अवस्था से लेकर प्रौढ़ अवस्था तक की घटनाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि आशावादी दृष्टिकोण और शिवसंकल्प की शक्ति मनुष्य को बहुत ऊँचा उठा सकती है।

मैं 1955-56 में महाराजा कालिज जयपुर में दर्शन शास्त्र पढ़ाता था। मैंने दर्शन शास्त्र के विषय में कभी ट्यूशन फीस लेकर किसी को नहीं पढ़ाया था। उसका कारण यह था कि यदि मेरे विषय में किसी की कमी रह गई, तो उसका मतलब यह हुआ कि मैंने ठीक-ठीक नहीं पढ़ाया। वास्तव में मेरी कक्षा के किसी भी छात्र ने दर्शन शास्त्र के विषय में ट्यूशन की आवश्यकता महसूस नहीं की। यह मालिक की दया थी कि मेरे विषय में परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहता था। इसलिए मैंने जब कभी भी किसी बात को शुल्क लेकर पढ़ाया वह अंग्रेज़ी के विषय में ही होता था। मेरी अंग्रेज़ी भाषा में गति अच्छी थी इसलिए मैं कभी-कभी अंग्रेजी की ट्यूशन स्वीकार कर लेता था।

श्री मोती चन्द गोलछा ने करीबन 8 महीने मेरे से B.A. की परीक्षा के लिए अंग्रेज़ी का अध्ययन किया।

मोती चन्द जयपुर के विख्यात गोलछा परिवार से सम्बन्धित हैं। इनके दादा जो संयुक्त परिवार के मुख्य थे, जयपुर के विख्यात जौहरी थे। इनके पिता के एक भाई अपने चाचा की गोद चले गये थे और बहुत ही सम्पन्न थे। जिन दिनों मोती चन्द B.A. में पढ़ते थे इनके पिता की एवं परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी किन्तु उदार-हृदय होने के कारण मोती चन्द ने महसूस किया कि जो शुल्क वह मुझे ट्यूशन के रूप में देते थे वह पर्याप्त नहीं था। एक दिन मोती चन्द ने मुझे कहा "गुरु जी! यदि मैं B.A. में पास हो गया तो मैं आपको एक रैले का नया साईकल भेंट करूंगा" मैं हँस पड़ा, उसे थपकी दी और कहा "बेटे इसकी कोई आवश्यकता नहीं है।"

मोती चन्द की परीक्षा का परिणाम निकला। वह B.A. पास हो गया। मुझे साइकल के बारे में कुछ भी याद नहीं था। कुछ दिनों के बाद सन्ध्या के समय जब बारिश पड़ रही थी मैं बापू नगर में अपने मकान के बरामदे में बैठा था। एक दम एक ताँगा हमारे फाटक के सामने रुका। मैं क्या देखता हूँ कि मोती चन्द एक नया साइकल उठाये ताँगे से उतरा और उसने वो रैले का नया साइकल मेरे मेरे सामने रखकर कहा "गुरु जी! यह मेरी वह भेंट है जिसका मैंने वचन दिया था।" उसके यह शब्द सुनकर और उसके चेहरे को देखकर मेरे आँसू आ गये। उसकी आँखों से श्रद्धा और प्रेम टपक रहे थे। मैंने यह अनुमान लगाया कि उसके घर की आर्थिक अवस्था ठीक न होने पर भी मोती चन्द ने अवश्य अपना वचन निभाने के लिए कहीं से पैसे उधार लिये होंगे। मैंने इस भाव को मन में छुपाते हुए

सहज में कह दिया "मेरे बेटे ! तुम एक दिन करोड़पति बनोगे ।" मोती चन्द मेरे पाँव छूकर घर लौट गया ।

इस घटना के 12 साल बाद उदयपुर में मुझे पता लगा कि मोती चन्द ने ब्यावर में उद्योग लगाया है और उसकी माली हालत अच्छी है । इस बात के करीब चार वर्ष बाद मुझे पता चला कि मोती चन्द ब्यावर नगर का सबसे बड़ा उद्योगपति बन गया है और वह वहाँ का नगरसेठ है । उसी वर्ष एक दिन मैं अपने एक मित्र अंग्रेज़ी के प्रोफेसर मसी, एक-दो और प्रोफेसरों के अतिरिक्त मेरी पूर्ववर्ती छात्रा दर्शन शास्त्र की प्रवक्ता डा० गिरिजा व्यास के साथ कार से जयपुर से उदयपुर जा रहा था । सायंकाल हो गया था और हम अजमेर से गुज़र रहे थे । सबको भूख लगी थी । क्योंकि मैं होटल का खाना नहीं खाता था इसलिए दूसरों ने भी नहीं खाया । मैंने सबको कहा "चलो आज ब्यावर के रास्ते से चलें । वहाँ मेरा एक पुराना शिष्य नगरसेठ है । शायद हम आज उसी के घर खाना खायेंगे" यद्यपि मैं उसे पिछले 16 साल से नहीं मिला हूँ लेकिन मुझे विश्वास है कि वह मुझे पहचान लेगा ।"

बात ऐसी ही हुई । ब्यावर नगर से करीब डेढ़ मील प ले अजमेर रोड पर हमने बाईं ओर एक बड़ा भवन देखा जिस पर लिखा था 'गोलछा हाऊस' । मैंने कार को फाटक के बाहर रुकवाया । उस समय कुछ अन्धेरा था । मोती चन्द अपने बरामदे के सामने बगीचे में बैठा आराम कर रहा था । ज्यों ही मैंने फाटक में जाकर आवाज़ लगाई "मोती चन्द" मोती चन्द तुरन्त लपक कर मेरे पास आया और उसने मेरे पाँव पर अपना सिर रख दिया । उसके इस प्रेम के व्यवहार से मेरे आँसू टपक पड़े । मैंने उसे गले से लगाया । मेरे सभी साथी यह देखकर चकित रह गये कि

16 वर्षों के बाद ब्यावर का नगरसेठ गुरु जी के पाँव पड़ गया। संक्षेप में मैं यह बता देना चाहता हूँ कि उस रात को मोती चन्द ने हम सबको राजस्थानी मेहमाननिवाजी के मुताबिक बहुत अच्छा भोजन खिलाया। इसके बाद मैं कई बार ब्यावर गया और मोती चन्द ने हर प्रकार से मेरी सेवा की।

जब से मैंने परम दयाल जी का काम संभाला मेरे ब्यावर जाने पर मोती चन्द ने हर वर्ष विशाल सत्संग आयोजित किये। उसका सारा परिवार सत्संगी है। मुझे इस बात पर गर्व है कि मोती चन्द न ही केवल एक सफल उद्योगपति है बल्कि चरित्र का आदर्श नमूना है और अब वह मेरा केवल साहित्यिक शिष्य ही नहीं है, अपितु वह मेरा अनन्य भक्त भी है। सबसे बड़ी बात यह है कि वह मानवता के असूलों पर चल रहा है, उसके साथ-२ जनकल्याण का कार्य कर रहा है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि उसका उद्योग अधिक से अधिक विकसित होगा और आर्थिक दृष्टि से वह अरबपति हो जायेगा। क्योंकि उसका धन कमाने का उद्देश्य परमार्थ के लिए है और वह एक ट्रस्ट के जरिये सामाजिक और आर्थिक सेवा कर रहा है। इन्हीं कारणों से मैं जयपुर मोती चन्द गोलछा के सुपुत्र के विवाह पर आशीर्वाद देने गया था।

8 जुलाई को जयपुर से चलकर हम मैटाडोर से कृषक जी महाराज के पोते श्री तेजमणि गुप्ता के नये मकान पर पहुँचे जहाँ पर 9 जुलाई को प्रात:काल गृहप्रवेश का सत्संग देना था। भीलवाड़ा के प्राय: सभी सत्संगी इसमें सम्मिलित हुए। सायंकाल हम श्री सुमेर सिंह के घर फकीर सदन में अजमेर पहुँचे। यहाँ पर कुछ समय विश्राम करने के बाद हम उसी रात जयपुर पहुँच गये।

10 जुलाई को हम श्री मोती चन्द गोलछा के सुपुत्र के विवाह में सम्मिलित हुए। बारात में कई वर्षों के बाद मेरी भेंट मेरे प्रिय शिष्य सुरेन्द्र सिंह से हुई जो 1954 में महाराजा कालिज में मेरा छात्र रहा था और जिसके बारे में मैंने कई सत्संगों में ज़िक्र किया है। छात्र अवस्था में सुरेन्द्र सिंह उद्दण्ड माना जाता था जबकि मेरी कक्षा में उसका व्यवहार बहुत अच्छा था। मेरे निकट रहने के कारण सुरेन्द्र सिंह ने वकालत पास कर ली और आज वह राजस्थान का एक माना हुआ कृषि का विद्वान् और ज़िमींदार है। उसे कई बार टैलीविज़न पर कृषि के सम्बन्ध में परामर्श देने के लिए बुलाया जाता है। 13 जुलाई को राजस्थान विश्व-विद्यालय से 2 कि० मी० दूर मुख्य सड़क पर मानवता पब्लिक स्कूल के शिलान्यास का उत्सव बड़ी शान से मनाया गया। हम 14 जुलाई को जयपुर से चलकर देहली के रास्ते 15 जुलाई को होशियारपुर पहुँच गये।

मेरे 25 जुलाई को विदेश जाने से पहले मुख्य सूचना योग्य घटना 20 जुलाई का गुरुपूर्णिमा का सत्संग था। इस बार इस अवसर पर दूर-२ से लोग आये। सत्संगियों की संख्या इतनी अधिक थी कि पिछले 20 वर्षों तक ऐसी भीड़ कभी एकत्रित नहीं हुई। गुरुपूर्णिमा का सारा कार्यक्रम वीडियोकैसिट पर रिकार्ड किया गया है जिसे दूसरे केन्द्रों पर भी दिखाया जायेगा।

23 जुलाई को सलवान पब्लिक स्कूल देहली में एक विशाल विदाई समारोह और सत्संग आयोजित हुआ। इसमें आचार्य श्री विजय नरेश नेगी भी सम्मिलित हुए और श्रीमती सलवान भी आईं। सलवान परिवार परम दयाल जी का अनन्य भक्त है और श्री एस. डी. सलवान की प्रेरणा और उनके परिश्रम से देहली में अधिक से अधिक सत्संग आयोजित

किये जा रहे हैं।

हम 26 जुलाई 1986 को प्रात:काल 3 बजे 'थाई एयर' लाइन से देहली से रवाना होकर करीब 10 बजे प्रात:-काल लंदन पहुँच गये जहाँ पर श्री किशोर गुप्ता अपनी सुपुत्री अंजना के साथ हमें लेने के लिए आये हुए थे। उन्होंने हमें बर्मिघम ले जाना था। उसी समय श्री राजीव पंडित भी हैण्डन लंदन से हमें लेने के लिए आ गये। हम सब दो कारों में पहले श्री राजीव पंडित के घर गये। वहाँ पर भोजन और विश्राम के बाद हम सायकाल 5 बजे बर्मिघम के लिए रवाना हो गये। 59 Trinity Road बर्मिघम श्री किशोर गुप्ता के मकान पर पहले से ही सत्संगियों की भीड़ लगी हुई थी। 26, 27 और 28 जुलाई को गीता भवन में परमसन्त परम दयाल पंडित फकीर चन्द जी महाराज की शताब्दी के उपलक्ष्य में विशाल सत्संग आयोजित हुए। सत्संग का कार्यक्रम तो सायंकाल हुआ करता था। 27 और 28 जुलाई को प्रात:काल सुरत-शब्द योग की विधि से सुमिरन, ध्यान, भजन का शिविर लगा। इन तीन दिनों के दौरान गीता भवन के अलावा श्री वख्शी सिंह जी के निवास स्थान पर भी एक विशेष सत्संग आयोजित हुआ। यहाँ पर यह बता देना जरूरी है कि श्री किशोर गुप्ता जो गीता भवन के सेक्रेटरी हैं और गीता भवन के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश शर्मा ने सत्संग के आयोजन का कार्यभार सम्भाला और सारे कार्यक्रम को वीडियोकैसिट में रिकार्ड भी कराया। श्री किशोर गुप्ता के बड़े भाई श्री जगदीश चन्द्र गुप्ता और श्री दसौंदा सिंह हर बार मेरे दौरे पर इंगलैण्ड में क्रियाशील रहते हैं। इस बार उन्होंने मानवता मन्दिर की ओर से गीता भवन में परम दयाल जी महाराज की शताब्दी के उपलक्ष्य में बड़ा भारी भण्डारा किया।

श्री जगदीश चन्द्र गुप्ता की बड़ी लड़की वीना गुप्ता ने और श्री किशोर गुप्ता की पत्नी आशा गुप्ता ने भी सारे कार्यक्रम में सहयोग दिया। इन सभी की मानवता धर्म के प्रचार में गहरी रुचि है। बहुत शीघ्र ही इंगलैंड में अन्तर्राष्ट्रीय मानवता परिषद् की स्थापना होने वाली है। 28, सायं 29 और 30 जुलाई प्रात: तक हम डा. के. एम. खुराना और श्रीमती कल्पना खुराना के पास मानचैस्टर में रहे। 30 जुलाई सायंकाल श्री किशोर गुप्ता हमें कार के द्वारा पुन: बर्मिघम ले आये। उसी सायंकाल को हम लंदन पहुँच गये। रात 7 बजे से 10 बजे तक हंसलो में श्री गुरमीत सिंह जी के घर सत्संग हुआ और 31 जुलाई को एक बजे दोपहर हम T.W.A. की उड़ान से लंदन से न्यूयार्क के लिए रवाना हो गये।

श्रीमती थैल्मा कार्टर हमारे स्वागत के लिए प्रात:काल से न्यूयार्क के हवाई अड्डे पर प्रतीक्षा कर रही थी। वह हमें अपनी कार के द्वारा अपने घर बाल्टीमोर ले गईं। यद्यपि हम 4 बजे सायंकाल तक न्यूयार्क पहुँच चुके थे तथापि चलते-२ हमें 7 बज गये। इसके फलस्वरूप हम रात को एक बजे तक थके हुए बाल्टीमोर पहुँचे। दूसरे दिन प्रात:-काल हम 8-30 बजे डा० राबर्ट मैकीवन और श्रीमती जूडी मैकीवन के निवास स्थान पर वाशिंगटन के क्षेत्र में Arlin-gton नगर में पहुँचे। यहाँ पर एक बड़े हाल में 9 से 3 बजे तक सत्संग आयोजित था। इसी प्रकार दूसरे दिन भी सत्संग तथा साधना शिविर था। यहाँ पर 4 अगस्त तक हम व्यस्त रहे और उसी शाम को हवाई जहाज़ द्वारा क्लीवलैंड के लिए रवाना हो गये। रात को करीब साढ़े 10 बजे हमारा ज्येष्ठ पुत्र डा. अरुण जेतली हवाई अड्डे से हमें अपनी पत्नी मंजु के सहित लेने आया हुआ था। 5 अगस्त को क्लीवलैंड रहने के बाद हम 6 अगस्त

प्रात:काल ग्रीनवे विसकैन्सिन के लिए रिपब्लिक एयर लाइन्स की उड़ान से रवाना हो गये। ग्रीनबे और क्लोवलैंड के समय में एक घण्टे का अन्तर है जिसके फलस्वरूप ग्रीनवे का समय पीछे रहता है। हमें रास्ते में शिकागो पर हवाई जहाज़ बदलना पड़ा। यहाँ पर दो घण्टे की प्रतीक्षा के दौरान में एक नया अनुभव हुआ। यूं तो अमेरिका में सार्वजनिक स्थानों पर और घरों में बाथरूम और प्रसाधन के कमर बहुत स्वच्छ होते हैं। इस बारे जब मैं प्रसाधन के लिए शिकागो के हवाई अड्डे पर बाथरूम गया तो हाथ धोने वाले स्थान पर मुझे टूटी तो दिखाई दी किन्तु उसको दबाने का कोई तरीक़ा या बटन नज़र न आया। ज्यों ही मैं उस टूटी के सामने खड़ा हुआ टूटी अपने आप चलने लगी। हाथ धोने के बाद मेरे हट जाने पर टूटी बन्द हो गई। मैं यह सब कुछ सत्संगियों की सूचना के लिए इसलिए लिख रहा हूँ ताकि भारतवासियों को यह ज्ञान हो जाये कि पश्चिम ने अपनी सुरत को भौतिक साधनों की उन्नति में लगाकर किस प्रकार भौतिक जीवन को सुखी बनाने की कोशिश की है। मैंने आपको यह पहले भी बताया था कि नई कारों में ऐसी मशीनें लगी हैं जो उस समय बोलने लगती हैं जब हम कार में बैठकर पेटी लगाना भूल जायें या भूल से दरवाज़ा खुला छोड़ दें। इस सम्बन्ध में मैं दो बातें और कहना चाहता हूँ।

जब 5 दिन के बाद हम श्री अजीत कुमार के घर से हवाई जहाज़ के द्वारा अपने छोटे लड़के डा. प्रियदर्शी जेतली के पास Bloomington Indiana पहुँचे तो वहाँ एक और विचित्र मशीन देखी। इस शहर में बिजली की लिफ्ट बनाने का O.T.I.S. नाम का बड़ा भारी कारखाना है। भारत में और विश्व भर में इसी कारखाने की बनी हुई

लिफ्टें लगी हुई हैं। इस कारखाने में सब काम स्वचालित यन्त्रों से होता है। मान लीजिये कि आप एक भवन के लिए विशेष लम्बी-चौड़ी बिजली से चलने वाली लिफ्ट बनवाना चाहते हैं आप O.T.I.S. के कारखाने में जायें और मैनेजर को बता दें कि आप कितनी बड़ी और किस आकार की लिफ्ट निर्मित कराना चाहते हैं। वह मैनेजर आपके सामने कुछ कलों को दबा देगा और दो घण्टे के अन्दर आपकी इच्छानुसार लिफ्ट बनकर तैयार हो जायेगी। इस प्रकार की स्वचालित मशीनें हर उद्योग में काम में लाई जा रही हैं। इसी सिलसिले में मैं आपको यह बता देना चाहता हूँ कि कैलीफोर्निया में बड़ी-२ दुकानों पर जिस मशीन के द्वारा आपके खरीदे हुए सामान की सूची बनाई जाती है वह विचित्र रूप से स्वचालित बना दी गई है। पहले तो मैंने आपको बताया कि जब आप 20 अलग-२ वस्तुएँ खरीद कर मशीन द्वारा सूची बनाने वाली और पैसे लेने वाली कार्य-कर्ता महिला के पास जाते हैं, तो वो महिला हर वस्तु को एक जलते हुए बल्ब पर गुज़ारती है और मशीन पर अपने आप हर वस्तु की ठीक कीमत लिखी जाती है। अब तो इसमें भी उन्नति हो गई है। इस बार मैंने देखा कि जब वह महिला हरएक वस्तु को बल्ब के ऊपर से गुज़ारती थी तो मशीन से आवाज़ आती थी टमाटर सूप के चार डिब्बे—कीमत एक डालर। इसी प्रकार हरएक वस्तु की अलग-2 कीमत मशीन ने बोलने के द्वारा घोषित की ताकि ग्राहक को पता चलता रहे कि वह किस भाव से सामान खरीद रहा है। इन सब बातों को बताने का अभिप्राय यह है कि स्वचालित मशीनों के इस्तेमाल से एक तो आसानी और बचत होती है दूसरे ग्राहक को धोखा नहीं दिया जा सकता। जिन लोगों ने पश्चिम की इन अच्छाइयों का अनुभव नहीं

किया है वे इस भ्रान्ति में हैं कि पश्चिम में केवल ऐशो-आराम है और रूहानियत का नाम नहीं है। किन्तु मेरा अनुभव यह है कि वहाँ पर झूठ, निन्दा और चुगलखोरी नहीं है। इन्हीं बातों को देखते हुए परम दयाल जी महाराज ने मुझे 1968 में लिखा था "अमेरिका बौद्धिकता में बहुत ऊँची तरक्की पा चुका है। अब वह भौतिक आराम की चोटी पर पहुँच चुका है बल्कि उससे थक चुका है इसलिए अमेरिका वाले रूहानियत में बहुत जल्दी तरक्की करेंगे। जब एक मनुष्य दिन भर सख्त मेहनत करके थक जाता है तो उसे रात को गहरी नींद का आनन्द मिलता है। यही हाल अमेरिका का होगा। भौतिकता की पराकाष्ठा पर पहुँच कर उन्हें रूहानियत में तरक्की करने की ज़बरदस्त इच्छा होगी। इसलिए तुम अमेरिका में दर्शनशास्त्र पढ़ाने के साथ-2 उन लोगों को रूहानियत की तालीम दो।"

परम दयाल जी महाराज की इस आज्ञा का पालन तो मैं करता रहा। उनके चोला छोड़ने के बाद उनके अन्तिम आदेश के अनुसार ही मैं देश-विदेश में सत्संगों में अपना अनुभव बाँट रहा हूँ। इसी में मुझे आत्मानन्द की अनुभूति होती है। ग्रीनवे में तीन-चार सत्संग हुए उनमें हर धर्म के भारतीय और अमेरिकन सम्मिलित हुए। यहाँ पर श्री अजीत कुमार के नये भवन पर आयोजित गृहप्रवेश के सत्संग की व्याख्या देना आप सब के लिए रोचक और लाभदायक होगा। श्री अजीत कुमार का सारा परिवार विशिष्ट रूप से परम दयाल जी के साथ और मेरे साथ सम्बन्धित हैं।

इनके बच्चे सभी परम दयाल जी के सम्पर्क के कारण आज्ञाकारी हैं और सन्तमत के अनुयायी हैं। अजीत कुमार जी के ज्येष्ठ पुत्र अजय कुमार ने दो वर्ष पूर्व इंजीनियरिंग की शिक्षा पूरी करके गिलवाकी नगर में बिजली घर में

अच्छी नौकरी प्राप्त कर ली थी। वहाँ पर इसका सम्पर्क एक अमेरिकन लड़की होली से हुआ जो स्वभाव की बहुत ही अच्छी है और धन की दृष्टि से बहुत उदार है। यह लड़की उपाधि प्राप्त नर्स है। अजय के माता-पिता ने भी इस लड़की को स्वीकार कर लिया है। गृहप्रवेश के सत्संग पर इनकी सगाई का आयोजन किया गया। कुमारी होली ने साड़ी और भारतीय आभूषण पहने हुए थे और बिलकुल भारतीय कन्या लगती थी। मैंने स्वयं इन दोनों को आशीर्वाद दिया, मिठाई खिलाई और सगाई की रस्म अदा की गई। सभी उपस्थित सत्संगी और अतिथि इस अवसर पर बहुत ही प्रसन्न हुए। मैंने कुमारी होली को भारतीय नाम हेमा दिया। 11 अगस्त को हम ग्रीनवे से हवाई जहाज़ द्वारा इण्डियाना पौलिस पहुँचे। यहाँ पर हमारा छोटा लड़का डा. प्रियदर्शी जेतली हवाई अड्डे पर हमें लेने आया हुआ था। प्रियदर्शी इण्डियाना प्रान्त में ब्लूमिंगटन नगर में रहता है जहाँ उसने इण्डियाना विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र विभाग में Ph D. की उपाधि प्राप्त की है।

हम यहाँ पर 4 दिन रहे। इण्डियाना विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों से व्यक्तिगत मुलाकात हुई। 13 अगस्त को ब्लूमिंगटन नगर की एक आध्यात्मिक संस्था कौमन वैल्थ में रात्रि को समाधि, ध्यान पर सत्संग आयोजित हुआ। इसका आयोजन करने वाली महिला ने पहले से ही इस सत्संग की सूचना दे रखी थी। इसलिए सत्संग के समय सारा भवन श्रोताओं से खचाखच भरा हुआ था। इस सत्संग में मैंने सुरत-शब्द योग की विधि पर प्रकाश डाला और उस पर अमल करने की तरकीब भी बताई। इस केन्द्र की संचालिका ने बहुत प्रशंसा की और कहा कि हर वर्ष मेरे ब्लूमिंगटन आने पर साधना शिविर लगाया जाना चाहिए।

करीब 60 व्यक्तियों ने समाधि लगाई और सभी को प्रकाश का अनुभव हुआ।

दूसरे दिन हमें प्रियदर्शी ब्लूमिंगटन नगर के कई स्थानों पर ले गया। उसी दिन हमने ब्लूमिंगटन नगर में स्थित एक ऐसा कारखाना देखा जहाँ पर लिफ्टें बनाई जाती हैं और जिसका ज़िक्र मैंने पहले कर दिया है। ऐसे कारखानों के कारण मनुष्य की सुविधा के लिए कम से कम परिश्रम करने पर भी नये से नये आविष्कार निकल रहे हैं। कम्प्यूटरों का युग आ गया है अब तो भारत में भी कम्प्यूटर बन रहे हैं। कम्प्यूटर मनुष्य के मस्तिष्क से भी ज़्यादा गणित का और याददाश्त का काम कर सकता है। इसी कम्प्यूटर की शैली को अपनाकर विशेष कर पश्चिम में तकनीकी ज्ञान की बहुत उन्नति हुई। हस्पतालों में ऐसे कम्प्यूटर लगे हैं जिनके द्वारा बीमारियों का निदान बहुत जल्दी और ठीक-ठीक होता है। आगे आने वाले 50 वर्षों के अन्दर गाँव-गाँव के अन्दर कम्प्यूटरों की तकनीक पहुँच जायेगी। इसमें भौतिक सुविधा तो बहुत मिलेगी किन्तु इतना ज़्यादा मशीनीकरण मानवता के लिए हानिकारक सिद्ध होगा। मनुष्य भी मशीनों की भाँति सजीव प्यार करने वाले व्यक्ति न होकर निर्जीव मशीन की भाँति ही व्यवहार करने लगेंगे। तकनीकी युग की इन त्रुटियों को दूर करने का एक मात्र उपाय मानवता धर्म का प्रचार है। 15 अगस्त को हम दोपहर को प्रियदर्शी के द्वारा संचालित नई कार में ब्लूमिंगटन से डेटन ओहायो रवाना हो गये।

यहाँ पर हमें डेटन में डा. हैरी फ्रोनिस्टा के घर जाना था। इसको हम प्यार से हैरी ही बुलाया करते हैं। जब भी परम दयाल जी महाराज वर्जिनिया में आते थे तो हैरी एक हज़ार मील दूर से महाराज जी के सत्संग सुनने के लिए

हवाई जहाज़ से या कार से आया करते थे। हैरी का हमारे से बहुत प्यार है। सन् 1972 में महाराज जी के पहले दौरे के बाद जब मैं भारत आने के लिए तैयारी कर रहा था तो डा. हैरी डेटन से खासकर मुझे मिलने के लिए आया और उसने कहा कि मैं केवल आपको मिलने और तैयारी कराने में सहायता देने के लिए आया हूँ। हैरी की पत्नी और उसकी पाँचों बेटियाँ हमारे परिवार से बहुत घनिष्ठ प्यार करती हैं। डा. हैरी डेटन नगर में एक बहुत सफल डाक्टर है और उसका परम दयाल जी और मुझमें अगाध विश्वास है। वास्तव में हैरी का परिवार उस मानवता परिवार का एक आदर्श नमूना है जो भारत से अमेरिका तक और इंगलैंड से वेस्टइण्डीज़ तक फैला हुआ है और जिसमें प्रेम का राज्य और सत्य का व्यवहार मुख्य हैं। यदि कोई सत्संगी कभी भी अमेरिका जाये तो वह हैरी के परिवार में ऐसे ही रह सकता है जैसे वह अपने निकटतम सम्बन्धी के घर में रहता हो। मेरे बहुत से भारतीय अतिथि इस परिवार के आतिथ्य और सत्कार से लाभान्वित हुए हैं। न ही केवल इतना बल्कि हैरी को परम दयाल जी के कारण और मेरे कारण भारत से इतना प्यार है कि उसने अपने चिकित्सालय में एक भारतीय डाक्टर और उसकी पत्नी को अपना भागीदार बना लिया है।

इसी भारत के प्रेम से और हमारे पारिवारिक सम्बन्ध से प्रभावित होकर 1975 के वसन्त के आस-पास फरवरी के अन्त में हैरी ने मुझे अमेरिका से उदयपुर टैलीफोन किया और कहा कि वह हमें मिलने के लिए कुछ ही दिनों में भारत आने का इरादा रखता है। दो दिन के बाद हैरी ने हमें ताजमहल होटल बोम्बे से टैलीफोन किया और कहा मैं आपको मिलने के लिए भारत आ गया। दूसरे दिन हैरी

और उसकी पत्नी सिल्विया को हम प्रात:काल उदयपुर हवाई अड्डे पर लेने के लिए गये। उनका उदयपुर में निवास बहुत अच्छा रहा हमने उन्हें निवार मण्डलेश्वर श्री मुरलीमनोहर शरण निम्बार्क सम्प्रदाय के महन्त जी से मिलाया और उन्हें श्री नाथद्वारा मन्दिर में भी ले गये। मुरलीमनोहर शरण जी महाराज बहुत उदार और विद्वान् आचार्य हैं। उनके बारे में मैं आपको फिर कभी व्याख्या-पूर्वक सूचना दूंगा। यहाँ पर इतना कह देना पर्याप्त होगा कि अमेरिका से जब-२ भी आध्यात्मिक व्यक्ति भारत में आये वह श्री मुरलीमनोहर शरण जी से बहुत प्रभावित हुए।

चार दिन के बाद हम हैरी और सिल्विया को जयपुर ले गये वहाँ भी वह राजस्थान के गवर्नर आदि से मिले और हमारे साथ देहली आ गये। अमेरिका जाने से एक दिन पहले हैरी ने इच्छा प्रकट की "यदि परम दयाल जी महाराज के दर्शन हो सकें तो उसका सौभाग्य होगा।" मुझे उस समय कुछ मालूम नहीं था कि परम दयाल जी महाराज कहाँ होंगे। मैंने हैरी और सिल्विया को कहा 'यदि तुम्हारा सौभाग्य है तो परम दचाल जी तुम्हें दर्शन देने के लिए प्रकट हो जायेंगे।" मैंने सोचा कि परम दयाल जी महाराज के प्रोग्राम के बारे में श्री नन्द लाल जी से पूछा जाये। हम 6 बजे सायंकाल टैक्सी में श्री नन्द लाल सचदेव के घर गये। वह वहाँ पर नहीं थे। हमें पता लगा कि वह परम दयाल जी के साथ उन्हें होशियारपुर के लिए कश्मीर मेल पर छोड़ने के लिए देहली स्टेशन गये हुए हैं। परम दयाल जी महाराज हमेशा रेलगाड़ी पर घण्टे-दो घण्टे पहले ही पहुँच जाया करते थे। हम तुरन्त देहली जंक्शन स्टेशन पर पहुँचे होशियारपुर का डिब्बा लग चुका था। परम दयाल जी Ist Class के डिब्बे में सो रहे थे। जैसे ही मैं, हैरी, सिल्विया डिब्बे में घुसे, गोपाल दास जी चिल्ला उठे "महाराज जी

सो रहे हैं; आप बाहर चले जाइये।" मैंने प्रेम से कहा "गोपाल दास जी ! ये डा. हैरी हैं परम दयाल जी इन्हें जानते हैं।" मेरा इतना कहना था कि परम दयाल जी तुरन्त उठ बैठे और कहने लगे "मेरे प्यारे हैरी तुम यहाँ कैसे" ? हैरी और सिल्विया ने महाराज जी के पाँव छुए। हैरी ने कहा "हम केवल आपके दर्शनों के लिए देहली आये थे।" हैरी और सिल्विया को परम दयाल जी की यह मुलाकात हमेशा याद रही। इसके बाद जब-२ भी परम दयाल जी अमेरिका में जहाँ भी आये हैरी का परिवार उन्हें मिलता रहा। 1978 में परमदयाल जी महाराज डेटन भी गये थे।

16 अगस्त को हम क्लीवलैंड पहुँच गये। 17 अगस्त को हमारे बेटे डा. अरुण और उनकी पत्नी मंजु ने घर पर करीब दो सौ मेहमानों को बुलाकर उन्हें पार्टी दी और एक प्रकार का सत्संग भी हो गया। वास्तव में इस अवसर पर हमारे सभी अमेरिका में रहने वाले सम्बन्धी और क्लीवलैंड के प्रतिष्ठित व्यक्ति, डाक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर और वकील आदि इस पार्टी में सम्मिलित हुए क्योंकि यह दिन अरुण और मंजु के विवाह की वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में मनाया गया था।

इसके बाद अमेरिका के दौरे में जो घटनाएँ हुईं उनका विवरण अगले मासिक सन्देश में दिया जायेगा।

'तपः' के सम्बन्ध में मैंने आपको बताया था कि वचन सम्बन्धी तपः में उद्वेग करने वाले वाक्य नहीं बोलने चाहिएँ। इसके विपरीत हमारी भाषा में मधुर शब्दों का प्रयोग होना चाहिए। हम जो कुछ भी कहें दूसरे के हित के लिए कहें। शिवसंकल्प भी इसी नियम पर आधारित है। संकल्प तो मन से किया जाता है किन्तु संकल्प की अभिव्यक्ति शारीरिक कर्म से भाषा से की जाती है। यह तो सब जानते

हैं कि हमारा कर्म ऐसा होना चाहिए कि हम किसी को शारीरिक दुःख न दें। मैं हमेशा कहा करता हूँ कि माताओं को कभी भी बच्चों को पीटना नहीं चाहिए। मनोविज्ञान की खोज यह बताती है कि जिन छोटे बच्चों को माताएँ समझाने की बजाय उनकी त्रुटियों को दूर करने के लिए पीटा करती हैं वे बच्चे बड़े होकर स्त्री जाति से घृणा करते हैं। न ही केवल इतना बल्कि ऐसे बच्चे पढ़ाई में भी पिछड़ जाते हैं। जैसे कि मैंने पहले कहा है शरीर का घाव तो कुछ दिनों में भर जाता है किन्तु कटु शब्दों का मानसिक घाव ना ही केवल देर से भरता है बल्कि उसका परिणाम भयानक भी हो सकता है।

वाणी या भाषा हमारे मन से निकलती है इसलिए वह मनुष्य के मन का आईना भी होती है। भर्तृहरि ने जिन्हें गोपीचन्द भर्तृहरि भी कहते हैं लिखा है कि वाणी मनुष्य का सबसे बड़ा भूषण होती है। मीठी वाणी बोलने वाला व्यक्ति स्वभाव से कर्म में भी मीठा ही रहता है और किसी की हानि नहीं करता। इसी प्रकार वह मन से भी किसी का बुरा नहीं चाहेगा। वाणी शारीरिक कर्म के मुकाबले में सूक्ष्म होती है इसलिए उसका अच्छा या बुरा प्रभाव बहुत गहरा पड़ता है। जिस सच्चाई को हम कटु शब्दों में न कहकर मीठे वचनों से व्यक्त करते हैं, वह सच्चाई सबको पसन्द आती है किन्तु कटु शब्दों में कही गई सच्चाई मन पर बुरा प्रभाव डालती है और वह कटु शब्द बोलने वाले और सुनने वाले दोनों को हानि पहुँचाती है। इसलिए मधुर वाणी जो प्रिय और हितकारी होती है सबसे ऊँचा वाणी का तप है।

वाणी को बोलने में और लिखने में व्यक्त किया जाता है जिस वाणी को हम पढ़ते हैं उसे स्वाध्याय कहा जाता है।

जिस वाणी का अध्ययन या पठन-पाठन वाङ्मय तप
कहा जाना चाहिए वह आम पुस्तकों में नहीं मिलती वह
नकों में—वेदशास्त्रों में और सतपुरुषों
है जो आध्यात्मिक
है। सबसे अच्छा
। पढ़ना है। सन्तों
स स्वाध्याय के बारे
रे में अगले मासिक

बको इस महीने की
हूँ कि आपका शरीर
ा सदैव आनन्दमय रहे।

आपका फकीरमय
मानव



ार

सत्संगियों को सूचित किया
राज के शिष्य एवं परम
श्री शिव कुमार लाल जी,
वासी काशी में 15 दिन
परमधाम सिधार गये।
सभी सत्संगी उनके निधन
पर हार्दिक
हुए परम पिता राधास्वामी
दयाल से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को चिरशान्ति
प्रदान करें तथा उनके शोकाकुल परिवार को इस असह्य
दुःख के सहन करने की शक्ति दें।

जनरल सेक्रेटरी

विश्व समाचार समीक्षा

विगत वर्ष में विश्व की सामान्य स्थिति ऐसी रही जिसमें आतंक, हिंसा, मध्य-पूर्व में धार्मिक युद्धों तथा मार-काट का प्रभुत्व रहा। दक्षिण अफ्रीका और अमरीका के विभिन्न देशों में हिंसात्मक गतिविधियों ने ज़ोर पकड़ा। दक्षिण अफ़्रीका में जातिवाद पर आधारित घृणा की समस्या आज भी भीषण रूप धारण किये हुए है। सफेद चमड़ी वाले अल्पसंख्यक लोगों की हुकूमत बहुसंख्यक काले नागरिकों पर भीषण अत्याचार कर रही है। यह नग्न क्रूरता, हिंसा और धर्म तथा राजनीति के नाम पर निरन्तर युद्ध का दूषित वातावरण खत्म होना चाहिए। यदि विश्व के विभिन्न भागों में सुलगती युद्ध की ज्वाला इसी तरह धधकती रही तो असम्भव नहीं कि वह तीसरा विश्व-युद्ध छिड़ जाये जो इस धरा पर अन्तिम युद्ध इसलिए होगा क्योंकि इसके आणविक विस्फोटों के कारण पृथ्वी-नक्षत्र पर जीवन-तत्त्व का सदा के लिए विनाश हो जायेगा। इसके परिणामस्वरूप न तो विजेता, न पराजित, न आक्रामक और न आक्रांत ही जीवित बच सकेगा।

इन परिस्थितियों का एकमात्र समाधान यह है कि एक सच्चे मानववाद को विश्व के सभी नागरिकों द्वारा, बिना किसी प्रकार के जाति, धर्म, राष्ट्रीयता या राजनैतिक भेद-भाव के, हृदय से अपनाया जाये। मानव सबसे पहले मानव है और बाद में हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, सिख या जैन इत्यादि होता है। सभी धर्म ईश्वर-प्रेम और उस मानव से प्रेम का दम भरते हैं जो वास्तव में इस धरती पर जीता-जागता ईश्वर का स्वरूप है। ईश्वर और मानव के प्रति

प्रेम के दो सिद्धान्तों को जीवन में अपनाने से ही परस्पर प्रेम, समता, सद्भावना, अन्तर्राष्ट्रीय सहनशीलता और पृथ्वी पर स्थायी शांति का साम्राज्य हो सकता है।

"मानव मन्दिर" पत्रिका में जितने भी निबन्ध और सत्संग प्रकाशित होते हैं, उनका उद्देश्य ऐसी ही सच्ची मानवता को विश्व-मानव के मन में पनपाना है जिसे सहज ही व्यावहारिक जीवन में लागू किया जा सकता है और जो किसी भी मनुष्य को उसके धार्मिक विश्वास या राजनैतिक दृष्टिकोण को त्यागने पर मजबूर नहीं करती। इस पत्रिका का "मानव मन्दिर" नाम ही यह इंगित करता है कि मानव स्वयं ही ईश्वर का जीवित जागृत मन्दिर है। यदि वह इस मन्दिर को प्रेम और शिवसंकल्प के द्वारा शुद्ध-पवित्र रखे तो वह परिवार, समाज, राष्ट्र और सम्पूर्ण विश्व में शान्ति और समता का प्रसार कर सकता है।

—मानव दयाल

आवश्यक सूचना

उन सभी सत्संगियों को यह सूचना दी जा रही है जिन्होंने देहली के निकट मानवता नगर में प्लाट लेने के लिए आवेदन पत्र दिये थे। इस सम्बन्ध में यह सूचित किया जाता है कि पुरानी देहली से 27 कि. मी. और नई देहली (कनाट प्लेस) से 28 कि. मी. और गाजियाबाद से 7 कि. मी., हापुड़ रोड पर ज़मीन का इन्तज़ाम हो गया है। देरी इसलिए लगी है, क्योंकि ज़मीन के बारे में पूरी छान-बीन की गई हैं इसके अतिरिक्त देहली के 25 कि. मी. के अन्दर अन्दर हरियाणा और उत्तर प्रदेश की हद में सभी भूमि सरकारी दफ्तरों के लिए भारत सरकार द्वारा नियत कर दी गई है और मानवता नगर की भूमि इस हद से बाहर है।

इस भूमि के लिए आवेदन पत्र बहुत ज्यादा आ चुके हैं, जब कि हमारे पास सौ से अधिक प्लाट नहीं हैं। इसलिए प्लाट के इच्छुक सत्संगियों को सूचना दी जाती है कि वे प्लाट की अपेक्षित कीमत तीस हज़ार का दसवां भाग यानि तीन हज़ार रुपये 27 दिसम्बर '86 तक बैंक ड्राफ्ट के द्वारा भेज दें ताकि उचित कार्यवाही की जाये। ड्राफ्ट :— 'Secretary International Society of Humanism' के नाम से बना हुआ होना चाहिए। जो सत्संगी बाद में प्लाट लेना नहीं चाहेंगे उनका ड्राफ्ट उन्हें वापस दे दिया जायेगा। यह ड्राफ्ट अति जल्दी नीचे दिये गये पते पर भेज दें :—

पता : Sh. Rishi Parkash Gupta
O-41, Vijay Vihar,
Uttam Nagar, New Delhi-110059

ड्राफ्ट रजिस्ट्री द्वारा भेजें बाकी रकम दूसरी किश्त में 30 मार्च '87 तक जमा करनी होगी।

इस सम्बन्ध में याद रहे कि सत्संगी भविष्य में इस प्लाट को किसी गैरसत्संगी को नहीं बेच सकेंगे। केवल सोसाइटी को ही बेच सकेंगे।

जनरल सेक्रेटरी

आवश्यक सूचना

परमसन्त परम दयाल जी महाराज की शताब्दी समारोह के सिलसिले में, परमसन्त हज़ूर मानव दयाल जी महाराज के इस वर्ष देश-विदेश के दौरे के क्रम में सारे विश्व में नये केन्द्र स्थापित हुए हैं। मानवता धर्म और अध्यात्म प्रेमी जनों की संख्या दिनोंदिन अत्यधिक बढ़ती जा रही है। साथ ही पत्र-व्यवहार का काम भी पहले की अपेक्षा कई गुणा ज़्यादा बढ़ गया है। इन कारणों से हज़ूर मानव दयाल

जो महाराज भारत और विदेशों के सभी केन्द्रों का दौरा प्रति वर्ष नहीं कर सके।

अतः सभी केन्द्रों के अधिकारी बन्धुओं से विनम्र निवेदन है कि आगामी जनवरी, फरवरी और मार्च 1987 के वसन्त के सत्संग दौरे में जो केन्द्र हज़ूर मानव दयाल जी महाराज के सत्संग के लिए उन्हें निमन्त्रित करना चाहते हैं वे अपने निमन्त्रण-पत्र अपने केन्द्र की ओर से तारीख 30 दिसम्बर 1986 तक मेरे पास अवश्य भेज दें ताकि वहाँ के दौरे की व्यवस्था समय से नियमित रूप में कर दी जावे।

जिस केन्द्र से निमन्त्रण-पत्र नहीं आवेगा, वहाँ हज़ूर मानव दयाल जी महाराज का दौरे का प्रोग्राम इस वर्ष नहीं बन सकेगा। पिछले वर्ष आन्ध्र प्रदेश से अनेक सत्संगियों की शिकायतें आई थीं कि हज़ूर महाराज जी उनके केन्द्रों पर नहीं आते। हज़ूर महाराज किसी को भी निराश नहीं करना चाहते इसलिए आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र तथा अन्य सभी केन्द्रों के अधिकारियों से प्रार्थना है कि वे हज़ूर मानव दयाल जी महाराज को बुलाने का निमन्त्रण उपर्युक्त समय के अन्दर-अन्दर सीधे मुझ निम्न पते पर भेजें। तभी उन केन्द्रों का दौरा-प्रोग्राम बनाया जा सकेगा।

एस. एल. सेठी
जनरल सेक्रेटरी
मानवता मन्दिर, होशियारपुर।

मानव मन्दिर के सभी पाठकों से निवेदन

"मानव मन्दिर" पत्रिका दिन-प्रतिदिन हरदिल-अजीज़ होती जा रही है। इसके पढ़ने-वालों की संख्या नौ हज़ार (9000) के लगभग पहुँच चुकी है। मालिके कुल पूर्ण धनी

परमसन्त परम दयाल पं. फकीर चन्द जी महाराज ने इस पत्रिका को चला कर जीवों का बड़ा भारी उपकार किया है। मैं उनकी आज्ञा के अनुसार इस पत्रिका को लगातार छपवा रहा हूँ और सभी सत्संगियों को, परम दयाल जी महाराज की इच्छा के मुताबिक यह पत्रिका नि:शुल्क भेजी जाती है। महंगाई और इस पत्रिका की बढ़ती हुई माँग के कारण इसका सालाना खर्च 2 लाख रुपये से अधिक हो रहा है।

परम दयाल जी इस बारे में अपील किया करते थे कि जो लोग यह महसूस करते हैं कि यह पत्रिका सबके लिए लाभदायक है वे अपनी शक्ति के अनुसार आर्थिक सहायता दे सकते हैं।

